* ओड़िशा संस्करण

9 YEARS

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सफलता के 9 वर्ष

रांची 19 जून, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 239, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

## पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ थामा जेएमएम का दामन, कल्पना सोरेन ने दिलायी पार्टी की सदस्यता

# आगामी विधानसभा चुनाव का हुसैनाबाद से शंखनाद करने आयी हूं : कल्पना सोरेन



## ■ हेमंत ने विकास की जो शुरुआत की थी, उसे चंपाई आगे बढ़ा रहे हैं : कल्पना

## ■ जेएमएम के नेतृत्व में पूरा होगा जनता की सेवा का संकल्प : आलोक सिंह





### मौके पर मुख्य रूप से ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, अविनाश देव, वशिष्ठ कुमार सिंह, डॉ एजाज आलम, राजी फैयाज, कांति चंद्रवंशी, मंजू चंद्रवंशी, गोपाल, सिन्हा, मनोज गुप्ता, चंदन प्रकाश सिन्हा, विवेकानंद सिंह, अनुराग प्रताप सिंह, राजेश कुमार सिंह, असफर रवानी, सनी शुक्ला, रामप्रवेश सिंह, मुन्ना कुमार देव, अशोक सिंह, योगेंद्र सिंह, सुरेंद्र साहनी, नेहाल असगर, सुशीला मिश्रा समेत हजारों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

### कई दलों के लोगों ने ली जेएमएम की सदस्यता



युवा नेता पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने अपने समर्थक राजद प्रदेश महासचिव मो जाकिर अली, एनसीपी के सुनील कुमार सिंह, वहाब साई, राजू खान, बसपा के अनिल राम, अरुण चंद्रवंशी, जफर हवारी, रजी अहमद उर्फ राजू खान, भरदुल पासवान समेत हजारों समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का सदस्यता ग्रहण की।

**हुसैनाबाद प्रतिनिधि**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जेएमएम नेता सह विधायक झारखंड की आयरन लेडी कल्पना मुर्मू सोरेन हुसैनाबाद के टाउन हाल में आयोजित मिलन समारोह में शामिल हुईं। उनके साथ झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी थे। सर्वप्रथम उनका फूलमाला देकर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह समेत जेएमएम नेताओं ने स्वागत किया। जिला परिषद उपाध्यक्ष सह युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह के नेतृत्व में विभिन्न दलों के 750 लोगों ने जेएमएम की सदस्यता ली। सभी को जेएमएम का पट्टा पहना कल्पना सोरेन ने पार्टी में शामिल किया।

इस मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन को केंद्र की सरकार ने झूठा आरोप लगा कर जेल में डाल रखा है। मगर झारखंड की जनता ने लोकसभा में बीजेपी को जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गयी सर्वजन पेंशन, अबुआ आवास, गरीब बच्चों को विदेश में पढ़ाई की योजना समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से केंद्र की सरकार तिलमिला गयी है। इसे रोकने के लिए हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य चंपाई चाचा बखूबी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव की शुरुआत हुसैनाबाद से की गयी है। युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह के साथ बड़ी संख्या में पार्टी में शामिल होकर युवाओं ने पलामू में उन्हें और मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने वाली पार्टियों को इस बार जनता सबक सिखायेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से हेमंत सोरेन की सोच को आगे बढ़ाने, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपने का झारखंड बनाने और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए साथ देने का आह्वान किया। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सरकार की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के जनप्रतिनिधि कब कहां जायेंगे, इसका ठिकाना नहीं है। उन्होंने कहा कि आनेवाले विधानसभा चुनाव में पलामू की सभी सीटों पर जेएमएम और उनकी सहयोगी पार्टियों के नेता विधानसभा पहुंचेंगे। आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने जेएमएम में शामिल होकर पार्टी को और भी मजबूती प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने पलामू में विकास के बहुत कार्य किये हैं। बावजूद इसके कुछ जनप्रतिनिधियों को शर्म नहीं आती, वह सरकार के खिलाफ अनर्गल बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें जरूर सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि आनेवाला विधानसभा चुनाव हुसैनाबाद समेत झारखंड की तकदीर एवं तस्वीर बदलने का कार्य करेगा।

जेएमएम का दामन थामने के बाद आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि उन्होंने जनता की सेवा का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करना उनका पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र एवं झारखंड का विकास जेएमएम के नेतृत्व में ही संभव है। उन्होंने हुसैनाबाद आने के लिए जेएमएम नेत्री कल्पना सोरेन एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर का आभार जताया। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के सपनों का झारखंड बनाने में उनका भी योगदान होगा, तो वह खुद को धन्य समझेंगे। उन्होंने तन-मन-धन से पलामू में पार्टी को मजबूत करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है।

### हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए जिप उपाध्यक्ष का संकल्प



- हुसैनाबाद को जिला बनाना।
- हुसैनाबाद के देवरी स्थित कई वर्षों से बंद पड़ी जपला सीमेंट फैक्ट्री की जगह पर पावर प्लांट लगाना।
- शिक्षा के समुचित विकास के लिए हुसैनाबाद के बक्सी उच्च विद्यालय, हार्वे उच्च विद्यालय, उत्क्रमित पथरा उच्च विद्यालय समेत हरिहरगंज, पिपरा, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, दंगवार के उच्च विद्यालय को +2 विद्यालय का दर्जा दिलाना।
- आम लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना। साथ ही हरिहरगंज, हैदरनगर, मोहम्मदगंज एवं पिपरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना।
- क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जीरो आरडी से नहर का निर्माण समेत हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा अंतर्गत अधूरी पड़ी सभी सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करना।
- युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कुटीर एवं लघु उद्योग के लिए समुचित संसाधन उपलब्ध कराना।
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की सभी सड़कों का जीर्णोद्धार एवं निर्माण कराना।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 19 जून, 2024
www.azadsipahi.in



# सीता बनीं भाजपा के लिए गले की फांस

## ■ भाजपा के लिए उल्टा पड़ने लगा है झामुमो को कमजोर करने का दांव

## ■ चुनाव हारने पर तमाम बड़े नेताओं पर लगा दिया भितरघात का आरोप

## ■ आहत-मर्माहत हैं तपे-तपाये नेता और कार्यकर्ता, सबक ले भाजपा

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की दुमका लोकसभा सीट से मिली हार के बाद आज से मात्र 90 दिन पहले भाजपा में शामिल और दुमका से भाजपा के सच्चे सिपाही सुनील सोरेन का टिकट काट कर प्रत्याशी बनीं सीता सोरेन ने केंद्र से लेकर प्रदेश नेतृत्व के ऊपर आरोप मढ़ना शुरू कर दिया है। वह अपनी हार का ठीकरा फोड़ने के लिए कई सिर तलाश रही हैं। संसद में बैठने का सपना पाले बैठीं सीता सोरेन का सपना जब चूर हुआ, तब उनके मुख से शब्द भेदी बाण बयानों के रूप में भाजपा नेताओं पर बरस रहे हैं। उन्होंने अपनी हार की वजह भितरघात को बताते हुए भाजपा के बड़े नेताओं को कटघरे में खड़ा कर दिया है। महज तीन महीने पहले भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन का यह बयान झारखंड में आग की तरह फैल गया है। एक तरफ जहां आरोपित भाजपा नेताओं में रोष है, तो वहीं राजनीतिक गलियारों में लोग चटखारे ले रहे हैं। कह रहे हैं, क्यों भाजपा के नेताओं, आ गया न स्वाद। चले थे जेएमएम के तीर-धनुष को कमजोर करने, अब उसी बाण से खुद को बचाते फिरो। सीता सोरेन का तमाम भाजपा नेताओं के खिलाफ दिया गया बयान महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि इससे भाजपा के भीतर एक तरह की खेमेबंदी के साथ पार्टी की रणनीति की कमजोरी भी सामने आ गयी है। चुनाव की घोषणा होने के बाद मार्च महीने में जिस तामझाम के साथ सीता सोरेन को झामुमो से तोड़ कर भाजपा में इंट्री करायी गयी और फिर अपने सीटिंग सांसद सुनील सोरेन का टिकट वापस लेकर उन्हें दुमका जैसी प्रतिष्ठित सीट से प्रत्याशी बनाया गया, उससे तो भाजपा को यह लगा था कि उसने बहुत बड़ा तीर मार लिया है। उस समय शायद भाजपा को यह आभास भी नहीं हुआ होगा कि उसने झामुमो के लिए घाव बन चुकी सीता सोरेन को पार्टी में शामिल करा कर खुद दर्द से कराहने लगेगी। जब सीता सोरेन झामुमो छोड़ भाजपा में आयीं, तो झामुमो ने निश्चित रूप से राहत की सांस ली होगी। सीता सोरेन के बयान से यह जाहिर हो रहा है कि अगर वह दुमका से जीतती तो यह उनकी खुद की जीत होती, लेकिन अगर हारी हैं, तो यह भाजपा की हार है। उस समय भाजपा ने भी अपने सच्चे सिपाही सुनील सोरेन के साथ कौन सा अच्छा काम किया था। अगर उनका टिकट काटना ही था तो पहले ही घोषणा कर देती, लेकिन टिकट देने के बाद फिर टिकट काट देना, वह भी सीटिंग सांसद का, इससे बड़ी जगहसाई उसके लिए भला और क्या होती। एक तरफ भाजपा के कार्यकर्ता दिन रात पार्टी की बेहतरी के लिए एक किये हुए हैं, इस उम्मीद में कि उनका भी एक दिन नंबर आयेगा, लेकिन यहां नंबर आने से पहले, पैरासूट से प्रत्याशी को उतार दिया जा रहा है। यानी हांडी में बिरियानी बनाये कोई, तमाम तामझाम, तेल मसाला, नुस्खा लाये कोई, लेकिन स्वाद ले कोई तो क्या होगा। चलिये, अब भाजपा नेताओं का नंबर आये न आये, आरोप लगने का नंबर लग चुका है। चुनाव हारने के बाद सीता सोरेन जिस तरह पार्टी के बड़े नेताओं के खिलाफ आरोप लगा रही हैं और जिसके कारण पूरे झारखंड में पार्टी की किरकिरी होने लगी है, उससे तो साफ हो गया है कि झामुमो को तोड़ने की भाजपा की रणनीति एक बार फिर उसके लिए घाव बन गयी है। इतिहास गवाह है कि जब-जब भाजपा ने झामुमो को तोड़ने की कोशिश की, तब-तब उसने मुंह की खाई है। पहले साइमन मरांडी, उसके बाद हेमलाल मुर्मू और अब सीता सोरेन। झामुमो कैडर बेस्ड पार्टी है। वह आंदोलन से उपजी पार्टी है। झामुमो ने कल-पुर्जे अपने हिसाब से गढ़े हैं। वे भाजपा की मशीनरी में फिट हो ही नहीं सकते। जब से सीता सोरेन ने भाजपा ज्वाइन की, तभी से यह संदेह होने लगा था कि क्या सीता सोरेन भाजपा में पूरी तरह घुल-मिल पायेंगी। आज जवाब भी उन्होंने खुद ही दे दिया है। सीता सोरेन संगीन आरोप भाजपा के नेताओं पर लगा रही हैं। भाजपा के तपे-तपाये पदाधिकारियों के ऊपर मैनेज होने तक का आरोप लगा रही हैं, इससे तो साफ है कि सीता सोरेन की नजर में भाजपा के नेताओं की कोई इज्जत नहीं है। इस बयान का क्या है मतलब और भविष्य में भाजपा में इसका क्या असर हो सकता है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले 19 मार्च को झामुमो छोड़ कर भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन ने दुमका सीट पर अपनी हार का ठीकरा भाजपा कार्यकर्ताओं और पार्टी के बड़े नेताओं पर फोड़ दिया है। सीता सोरेन का कहना है कि भाजपा के संगठन में जो मजबूती होनी चाहिए थी, वह नहीं थी। पार्टी के कुछ नेता-कार्यकर्ता मनमानी पर उतर आये थे। सीता सोरेन ने कई बड़े नेताओं की भूमिका पर भी सवाल उठा दिया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से लेकर, कर्मवीर सिंह तक, पार्टी के महासचिव और सांसद प्रदीप वर्मा से लेकर पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व विधायक लुइस मरांडी और वर्तमान विधायक रणधीर सिंह तक को नहीं छोड़ा है। और आरोप भी ऐसा, जो किसी भी तपे-तपाये नेता-कार्यकर्ता को अंदर तक बेध जाये।

### क्या कहा है सीता सोरेन ने

सीता सोरेन ने कहा है कि केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व को दुमका में हार की समीक्षा के अलावा ग्रास रूट पर जांच करानी चाहिए। केंद्रीय नेतृत्व टीम बना कर गांव-गांव जाये और जांच करे, तो पर्दे में रह कर पार्टी को हराने वाले पार्टी में छिपे गद्दारों का चेहरा सामने आ जायेगा। केंद्र में अगर भाजपा को इस बार पूर्ण बहुमत नहीं मिली है, तो इन्हीं गद्दारों की वजह से। इन पर पार्टी सख्त कार्रवाई करे। सीता सोरेन ने बाबूलाल मरांडी और कर्मवीर सिंह तक पर यह आरोप लगा डाला है कि उन्होंने नेताओं-संगठन के ऊपर नियंत्रण नहीं रखा। चुनाव प्रभारी के रूप में दिन-रात एक किये पार्टी के तपे-तपाये महामंत्री और सांसद प्रदीप वर्मा पर मैनेज होने तक का आरोप लगा डाला। पूर्व सांसद सुनील सोरेन के बारे में कहा कि उन्होंने केवल झामुमो का झंडा नहीं पकड़ा था, बाकी भाजपा को हराने और झामुमो को जिताने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। यहां तक कह दिया कि हमारे चुनाव हारने के तुरंत बाद उन्होंने खुशी में पार्टी तक आयोजित की। सीता ने आरोप लगाया है कि वह काफी कम अंतर से इसलिए हार गयीं, क्योंकि पर्दे में रह कर पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व मंत्री डॉ लुइस मरांडी और सारठ विधायक रणधीर सिंह ने पार्टी को हराने के लिए पूरी ताकत लगा रखी थी। चुनाव के दौरान पार्टी का मंच तो साझा किया, पर बैकडोर से चुनाव हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान ये लोग खड़े तो मेरे साथ थे, लेकिन काम विरोधी दल का कर रहे थे। सीता सोरेन ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक-एक सीट पर जीत के लिए पूरी ताकत झोंक रहे थे। इसी कड़ी में वह दुमका में भी जनसभा करने आये थे, लेकिन इसकी लाज भी जिला संगठन और कुछेक नेताओं ने नहीं रखी। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह पर भी ढीला रवैया अपनाने का आरोप लगाया।



### सीता आरोप साबित कर दें तो राजनीति छोड़ दूंगा: सुनील

सीता सोरेन के आरोपों पर पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि वह साबित कर दें कि चुनाव में मैं बिक गया, तो राजनीति छोड़ दूंगा। ऐसा आरोप दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरे चरित्र पर कीचड़ उछालने की सूचना मैं प्रदेश और केंद्र इकाई से मिल कर दूंगा, मर्माहत हैं लुइस मरांडी पूर्व मंत्री लुइस मरांडी सीता सोरेन के आरोपों से मर्माहत हैं। उन्होंने कहा कि इस बार दुमका विधानसभा से वर्ष 2019 से ज्यादा मतों से लीड है और इसके बाद भी सीता सोरेन का ऐसा बयान शर्मनाक है। हम पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और इस तरह का आरोप लगाया जाना काफी पीड़ादायक है। सीता सोरेन के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि वह हार की सही ढंग से समीक्षा करने की बजाय पब्लिक फोरम में समर्पित पार्टी नेताओं पर अनर्गल आरोप लगा रही हैं, जो पार्टी लाइन के खिलाफ है। सारठ के विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि कल पार्टी में शामिल होने वाली सीता सोरेन से काम के बदले सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता उन्हें नहीं है।

### खुलने लगी भाजपा में गुटबाजी और अंतर्कलह की परत

दुमका से सीता सोरेन की पराजय और अब उनके बयान के बाद भाजपा में व्याप्त गुटबाजी और अंतर्कलह की परत-दर-परत खुलने लगी है। भाजपा को इस बात का एहसास होने लगा है कि झामुमो को कमजोर करने के लिए उसने सीता सोरेन को अपने खेमे में लाने की जो चाल चली थी, वह उल्टी पड़ने लगी है। सीता सोरेन अब तक न तो झामुमो से पूरी तरह अलग हो सकी हैं और न ही भाजपा में पूरी तरह घुल-मिल सकी हैं। उन्हें भाजपा के अनुशासन और इसकी कार्यप्रणाली की भी जानकारी नहीं है। ऐसे में भाजपा को इस तरह की रणनीति पर अच्छी तरह विचार करना चाहिए था। भाजपा उस समय भी नहीं संभली थी, जब एन चुनाव के समय शिबू सोरेन के छोटे बेटे, झारखंड सरकार में मंत्री और सीता सोरेन के देवर बसंत सोरेन ने यह कहा था कि भाभी का मन डोल रहा है। देखते रहिए, वह कभी भी झामुमो में आ सकती हैं। बताते चलें कि एन चुनाव के समय सीता सोरेन दुमका स्थित गुरुजी के आवास में गयी थीं। वहां वह कुछ घंटे रहीं। वहां बसंत सोरेन से उनकी मुलाकात हुई थी। उस समय सीता सोरेन ने कहा था कि वह गुरुजी का आशीर्वाद लेने आयी थीं, जबकि बसंत सोरेन ने कुछ और ही कहा था।

दरअसल, भाजपा पिछले 15 साल से भी अधिक समय से झामुमो को तोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। इस क्रम में उसने साइमन मरांडी से लेकर हेमलाल मुर्मू तक को अपने खेमे में शामिल किया और अब सीता सोरेन को भी शामिल करा कर यह बताने की कोशिश की कि उसकी रणनीति सही ट्रैक पर है। पार्टी में शामिल करा कर जिस तरह सीता सोरेन को दुमका से टिकट दिया गया, उससे पार्टी के तपे-तपाये नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी स्वाभाविक थी, आखिर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भी तो हाड़-मांस से ही बने हैं, लेकिन भाजपा ने इसे भी नजरअंदाज कर दिया। इतना ही नहीं, पार्टी ने उस सुनील सोरेन का टिकट वापस ले लिया, जिन्होंने 2019 में शिबू सोरेन जैसे कद्दावर नेता को दुमका से हराया था। वह चुनाव प्रचार शुरू भी कर चुके थे, लेकिन पार्टी अनुशासन को देखते हुए चुप रह गये।

### तार-तार हुआ पार्टी का अनुशासन

कहा जाता है कि भाजपा अनुशासनप्रिय पार्टी है और नेताओं को पार्टी के मामलों में किसी भी तरह की शिकायत मीडिया के बीच करने की इजाजत नहीं है। लेकिन जिस तरह सीता सोरेन ने बयान दिया है, उससे निश्चित तौर पर भाजपा की सख्त अनुशासन वाली छवि तार-तार हुई है। सीता सोरेन के बयान के बाद भाजपा को एहसास हो जाना चाहिए कि बिना किसी फिल्टर के किसी को भी अपनी पार्टी में शामिल करने की रणनीति कभी-कभी उल्टी भी पड़ जाती है और इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। उसे यह भी नहीं भूलना चाहिए कि हर दाग उसकी मशीन में डाल देने मात्र से नहीं छूट सकते। यदि पार्टी ने ऐसा नहीं किया, तो वह दिन दूर नहीं, जब दूसरे दलों से लाये गये चेहरों के कारण आहत होकर एक-एक कर कार्यकर्ता और तपे-तपाये नेता उससे दूर छिटक जायेंगे।

---

### भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा उजागर, झामुमो ने निशाने पर लिया

# बीजेपी के निर्वाचित सांसदों-विधायकों को अपने कार्यकर्ताओं से ही खतरा है : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददात

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को झारखंड बीजेपी में जारी अंतर्कलह पर जम कर तंज किया। रांची सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के झारखंड दौरे को लेकर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि उन पर अब भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड में बीजेपी नेताओं की सुरक्षा पर बड़ा सवाल है। जहां भी उनकी समीक्षा बैठक होती है, वहां विधि-व्यवस्था का संकट पैदा हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में दुमका और देवघर में जो कुछ हुआ, वह काफी वीभत्स है। देवघर विधायक के साथ गोड्डा सांसद से संपर्क रखने वाले आपराधिक किस्म के लोगों ने गाली गलौज और मारपीट की।



उक्त घटनाएं बताती हैं कि बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरा क्या है। ये अब वह बीजेपी नहीं रही। केंद्रीय नेतृत्व में भी इसका असर दिख रहा है। चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति इसका प्रमाण है।

**हिमंत बिस्वा सरमा की भाषा उन्मादी है! :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बीजेपी ने झारखंड के चुनाव प्रभारी के रूप में शिवराज सिंह चौहान की नियुक्ति की है। हिमंत बिस्वा सरमा सह प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। हिमंत के बयानों में उन्माद दिखता है। यही हाल बीजेपी के कार्यकर्ताओं का है। अपने ही नेताओं को गाली-गलौत करते हैं। समीक्षा बैठकों में हिस्सा लेने पहुंचे नेताओं संग धक्का-मुक्की की जाती है। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के साथ दुमका में बीजेपी के ही कार्यकर्ताओं ने धक्का-मुक्की कर दी। गढ़वा से गये बालमुकुंद सहाय संग गाली-गलौज किया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बीजेपी के अपने कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देकर बैठकों में लाना चाहिए कि कैसे व्यवहार किया जाता है।

**बीजेपी के साथी तो आपस में ही लड़ रहे! :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि हम तो चाहते थे कि भारतीय जनता पार्टी, राज्य विधानसभा का चुनाव हमारे खिलाफ विपक्ष के रूप में लड़े, लेकिन वे तो आपस में ही लड़ रहे हैं। बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनसे सवाल है कि आखिर वे प्रत्येक समीक्षा बैठक में खुद क्यों नहीं जाते? बीजेपी के ही नेता कहते हैं कि दुमका में हम मोदी जी की वजह से हारे। कितनी विडंबना की बात है कि बीजेपी के निर्वाचित विधायक सुरक्षित नहीं हैं। उनको अपने ही कार्यकर्ताओं से खतरा है। राजनीति किस रसातल में जा रही है? सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि निशिकांत दुबे बिहार से आकर झारखंड की एक संसदीय सीट से चार बार चुनाव जीते हैं। इसके बाद मूलवासियों को पिटवाते हैं। यूपी और बिहार से गुंडे बुलाये जा रहे हैं। ये हम नहीं कह रहे, बल्कि नारायण दास ने खुद ये दावा किया है।

### बीजेपी रखती है बी और सी टीम, हम नहीं!

सुप्रियो भट्टाचार्य ने जयराम महतो को फंडिंग के सवाल पर कहा कि हमारी कोई बी या सी टीम नहीं है। हम एक ही टीम है। ऐसा काम केवल भारतीय जनता पार्टी ही करती है। विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी और लेफ्ट मिल कर 81 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। आजसू को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी का गठन जिस उद्देश्य से हुआ और जिस प्रकार से बाद में इसका सौदा हुआ, आज जो दिखा है, वह तो होना ही था।

---

### झामुमो की प्रेस वार्ता पर भाजपा का पलटवार

# सीता सोरेन के लिए हमदर्दी का सिर्फ नाटक, दुर्गा सोरेन की संदेहास्पद मौत की उच्च स्तरीय जांच करायें : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददात

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि आज ये लोग सीता सोरेन के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जिस समय सीता सोरेन ने सोरेन परिवार के ऊपर उनकी और उनकी बेटियों की उपेक्षा का आरोप लगाया था, तो झामुमो चुप रहा। सीता सोरेन ने अपने आंदोलनकारी पति स्व दुर्गा सोरेन की मौत को संदेहास्पद बताते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा को सांप सूंघ गया था। आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रतुल ने कहा कि जब सत्ताधारी गठबंधन के प्रथम परिवार के भीतर मां समान बड़ी बहू की अपेक्षा की गयी हो, तो इनसे आम लोगों के लिए न्याय की उम्मीद की बात सोचना भी बेमानी है। वैसे अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा आरोपों पर



प्रेस कॉन्फ्रेंस करता हैं तो उसे अपने ही गठबंधन के विधायक लोबिन हेंब्रम, चमरा लिंडा, अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह के द्वारा अलग-अलग समय पर सरकार पर लगाये गये गंभीर आरोपों पर भी प्रेस कांफ्रेंस कर जवाब देना चाहिए।

प्रतुल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद सत्ताधारी गठबंधन बदहवास हो गया है। जिस समय 2019 में इन लोगों ने चुनाव जीता था, तब इनके पास 48 विधायक थे एवं तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन था। इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन 50 सीटों पर आगे रहा, जबकि इंडी गठबंधन सिर्फ 29 सीटों पर सिमट गया। इन्हें पता है कि अगले चुनाव में इनका सूपड़ा साफ होनेवाला है। इसलिए ये अनर्गल बयानबाजी पर उतर आये हैं।

प्रतुल ने कहा कि भाजपा की समीक्षा बैठक पूरे प्रदेश में चल रही है। अधिकांश जगहों पर कार्यकर्ता सुचारू रूप से फीडबैक दे रहे हैं। सिर्फ देवघर में कुछ बाहरी तत्वों के द्वारा हंगामा करने की सूचना आयी थी। यह पूरा मुद्दा प्रदेश नेतृत्व के संज्ञान में है।

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को जरा अपने सहयोगी दल कांग्रेस का झारखंड में भी ट्रैक रिकॉर्ड देख लेना चाहिए। 21 जून, 2013 को कांग्रेस भवन, रांची में दो गुटों के बीच में वर्चस्व की लड़ाई पर दिनदहाड़े दर्जनों राउंड गोलियां चली थीं और पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया था। 1 जुलाई, 2019 को लोकसभा की हार की समीक्षा बैठक के दौरान तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार को कांग्रेस कार्यालय में घुसने तक नहीं दिया गया और पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा था। कांग्रेस ऑफिस पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। उस समय भी कई लोग हिरासत में लिये गये थे। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने ही गठबंधन के तीन विधायकों के ऊपर मुकदमे करा कर कोलकाता में उनकी गिरफ्तारी भी करवायी थी। लंबे समय तक उनको जेल में यातना भी दिलवायी थी। प्रतुल ने कहा कि जाहिर तौर पर भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न आदि के मामलों में चौतरफा घिरा झारखंड मुक्ति मोर्चा ध्यान भटकाने के लिए नया नैरेटिव सेट करने की कोशिश कर रहा है।

9 YEARS

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सफलता के 9 वर्ष

रांची 19 जून, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 239, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


### तीसरी बार पीएम बनने के बाद अपने चुनाव क्षेत्र वाराणसी पहुंचे मोदी

## किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की

- अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद ले लिया है



आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। साथ ही उन्होंने स्वयं सहायता समूह की 30 हजार से अधिक महिलाओं को कृषि सखी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया और जनसभा को संबोधित करने के बाद शाम को गंगा आरती में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान सम्मेलन में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी कर देश के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में कुल 20 हजार करोड़ रुपये की राशि को डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर किया।

**अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद ले लिया है :** बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद आज हम पहली बार बनारस आयल हईं। काशी के जनता जनार्दन के हमार प्रणाम। बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से, काशी वासियों के असीम प्रेम से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है। काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुन कर धन्य कर दिया है। जैसे मुझे गोद ले लिया है। मैं यहीं का हो गया हूं। इतनी गर्मी के बावजूद आप सभी यहां बड़ी संख्या में आशीर्वाद देने आये हैं और आपकी तपस्या देख कर सूर्य देवता भी थोड़ा ठंडक बरसाने लग गये हैं। पीएम ने कहा कि मैं आपका ऋणी हूं। भारत में 18वीं लोकसभा के लिए हुआ यह चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता को, भारत के लोकतंत्र के समर्थक को, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता को, भारत के लोकतंत्र की जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत करता है। इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है, जहां इतनी बड़ी संख्या में लोग वोटिंग में हिस्सा लेते हैं। पीएम ने कहा कि इस चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया है। यह एक देश में महिला वोटरों की संख्या के हिसाब से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है। काशी के लोगों ने तो सिर्फ एमपी नहीं, बल्कि तीसरी बार पीएम भी चुना है। इसलिए आपको डबल बधाई देता हूं। पीएम ने कहा कि इस चुनाव में देश के लोगों ने जो जनादेश दिया है, वह वाकई अभूतपूर्व है। एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देश में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। जनता ने यह भी करके दिखाया है। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था।

### मुख्यमंत्री ने पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद और युवा कार्य विभाग की समीक्षा की

## पहाड़ी मंदिर, लुगुबुरु, मरांगबुरु और रजरप्पा की तसवीर बदलेगी, चंपाई सोरेन ने दिये निर्देश

- रजरप्पा को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कार्य योजना बनायें
- होटवार स्थित खेलगांव का रखरखाव हर हाल में सुनिश्चित करने का दिया निर्देश
- राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों तथा खेल के सम्यक विकास के लिए दिये दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विभागीय समीक्षा के क्रम में मंगलवार को पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक सौंदर्य बेमिसाल है। यहां विभिन्न समुदायों के कई अहम धार्मिक स्थल तथा अलग-अलग कला-संस्कृति का एक अनोखा मिश्रण है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आदिवासी धर्मावलंबियों के आस्था एवं विश्वास के धर्मस्थल लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द विकसित किया जाये। पर्यटन विभाग के पदाधिकारी जल्द से जल्द इस निमित्त एक बेहतर डीपीआर तैयार कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पहाड़ी मंदिर परिसर रांची का संपूर्ण विकास जरूरी है। पहाड़ी मंदिर आस्था और विश्वास का एक बड़ा धर्मस्थल है। राज्य सरकार द्वारा पहाड़ी मंदिर में रोप-वे बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसके लिए फीजिबिलिटी वेरीफिकेशन भी हुई थी। पदाधिकारी फीजिबिलिटी रिपोर्ट जल्द मंगा कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। पहाड़ी मंदिर के विकास के लिए जो भी रोड मैप तैयार किया गया है, उस पर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि रामगढ़ जिला स्थित रजरप्पा एक बेहतरीन धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके, इस निमित्त जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करें तथा रजरप्पा में क्या नया किया जा सकता है, उस पर भी पदाधिकारी कार्य योजना बनायें।

**धार्मिक, आध्यात्मिक सहित विभिन्न पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों को विश्व के मानचित्र पर लाने के लिए हमें क्या कार्य करने की जरूरत है, इस पर एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए आगे बढ़ना पड़ेगा। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि राज्य में धार्मिक, आध्यात्मिक सहित विभिन्न पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। इन बहुआयामी पर्यटन संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए इनका विकास होना बहुत ही आवश्यक है।

**हुंडरू फॉल का रिनोवेशन तथा गेस्ट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हुंडरू फॉल का रिनोवेशन तथा वहां के गेस्ट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लायें। विभाग द्वारा चिह्नित वैसे सभी पर्यटन स्थल, जिसे विकसित किया जाना है, उन स्थलों की कार्य प्रगति में शिथिलता न बरतें, बल्कि तेज गति से कार्य करते हुए सभी काम ससमय संपन्न करें।

**हर हाल में खेलगांव का हो मेंटेनेंस :** बैठक में मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची स्थित खेलगांव का मेंटेनेंस हर हाल में सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उद्देश्य से खेलगांव का निर्माण किया गया था, उस उद्देश्य को पूरा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, खेल निदेशक सुशांत गौरव, पर्यटन निदेशक अंजलि यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




### सरना धर्मस्थलों को भी प्रतिबद्धता के साथ विकसित करें

मुख्यमंत्री ने राज्य के सरना धर्मस्थलों के विकास पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को सेरेंगदाघाटी (कोल्हान) को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आदिवासी धर्मावलंबियों को सरना स्थल का परिभ्रमण कराना भी सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भोगनाडीह स्थित सिदो-कान्हू प्रतिमा स्थल तथा उलिहातू शहीद स्थल को प्राथमिकता के साथ विकसित करें। यह सभी स्थल झारखंड का महत्वपूर्ण विरासत है। इन स्थलों को संरक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

### हुसैनाबाद में झामुमो का मिलन समारोह

## झारखंडियों को नापसंद करती है भाजपा: कल्पना

- जिप उपाध्यक्ष समेत हजारों ने ली पार्टी की सदस्यता



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** गांडेय विधायक और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने कहा है कि भाजपा को झारखंड के लोग पसंद नहीं हैं। वह झारखंडियों को नापसंद करती है। भाजपा नहीं चाहती है कि झारखंड के लोग आत्मसम्मान के साथ उससे आंख से आंख मिला कर बात करें। वह मंगलवार को यहां झामुमो के मिलन समारोह में बोल रही थीं। शहर के टाउन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह समेत कई दलों के नेता और कार्यकर्ता झामुमो में शामिल हुए। उन्हें कल्पना सोरेन और मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पार्टी की सदस्यता दिलायी।

कल्पना सोरेने ने लोगों से झामुमो को मजबूत बनाने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का आग्रह किया, ताकि झारखंड उसी तरह प्रगति कर सके, जिस तरह से वह अभी आगे बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों को हाथ उठवा कर संकल्प दिलाया कि वे झारखंड की लड़ाई में झामुमो के साथ कंधे से कंधा मिला कर चलेंगे। उस समय जोरदार नारेबाजी हुई और लोगों ने हाथ उठा कर कहा, 'कल्पना आप संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं'। श्रीमती सोरेन ने आलोक कुमार सिंह को आगे कर झामुमो की लड़ाई में लोगों से सहयोग मांगा। कैबिनेट मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि हम लोगों ने जनहित से जुड़े सारे कार्य किये। झारखंड के लोगों को सभी तरह से लाभान्वित किया है।

आलोक कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद की जनता हमसे बेहद प्यार करती है। हम जानते हैं कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। इसके लिए लंबी लड़ाई लड़ने की जरूरत है। अभी तो मैंने राजनीति में केवल पैर रखा है। इससे बहुत से लोगो के दिल में हलचल मचने लगी है। आगे जब जनता की बड़ी लड़ाई होगी, तो सब पस्त हो जायेंगे।

### नीट विवाद पर एनटीए और सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

## धोखाधड़ी से डॉक्टर बना व्यक्ति खतरनाक: सुप्रीम कोर्ट

- .001 फीसदी भी लापरवाही हुई है, तो उससे निपटेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से कई तीखे सवाल किये। अदालत ने कहा कि अगर नीट परीक्षा में .001 फीसदी भी लापरवाही हुई है, तो उससे निपटा जाना चाहिए। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और इस मामले में जवाब दाखिल करने को कहा। मेडिकल की इस परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं की मेहनत पर बात करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इस याचिका को विरोधात्मक भाव से नहीं देखा जाना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने कहा कि हम इन परीक्षाओं की तैयारियों में बच्चों की मेहनत से अवगत हैं। कोर्ट ने कहा कि इस सिस्टम से धोखाधड़ी कर कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाये, तो ऐसा शख्स समाज के लिए नुकसानदेह है। अगर कोई गलती हुई है, तो उसे माना जाना चाहिए और बताना चाहिए कि क्या कार्रवाई की जा रही है। इससे आपके प्रदर्शन पर आत्मविश्वास पैदा होता है। अधिकारियों की तरफ से समय पर कदम उठाने पर जोर देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इन याचिकाओं पर अन्य लंबित याचिकाओं के साथ 8 जुलाई को सुनवाई होगी। इनमें वे याचिकाएं भी शामिल हैं, जिनमें परीक्षा को नये सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की मांग की गयी है।













आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 19 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# बिरसा पाठशाला को लेकर सीएम से की मुलाकात



**नियमित पढ़ाई के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा भी ले सकेंगे विद्यार्थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला ग्रामीण विकास समिति हजारीबाग ने शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास केंद्र की इकाई बिरसा पाठशाला को झारखंड राज्य के प्रत्येक प्रमंडल में स्थापित कर संचालित करने का सार्थक और सराहनीय निर्णय लिया है। इसको लेकर समिति के सचिव सुनील कुमार ने झारखंड के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जानकारी दी। बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का विकास शिक्षा से संभव है। बीरसा पाठशाला के माध्यम विद्यार्थियों के उत्थान में मिल का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने बिरसा पाठशाला के लिए जिला ग्रामीण विकास समिति की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिग्राविस के सचिव सुनील कुमार और बिरसा पाठशाला उपनिदेशक ओपी शर्मा ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आभार व्यक्त किया है। बिरसा पाठशाला के उपनिदेशक ओपी शर्मा ने बताया कि झारखंड राज्य में सभी पांच प्रमंडलों में बिरसा पाठशाला खोलने और संचालन करने की योजना है। इस वर्ष सबसे पहले उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के मुख्यालय हजारीबाग में योजनाबद्ध तरीके से पाठशाला स्थापित कर संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

## सीआरपीएफ जवान उमा चरण को दी गयी सलामी, हुआ अंतिम संस्कार



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के भखरा गांव में मंगलवार को सीआरपीएफ के शहीद जवान उमा चरण पासवान (54 वर्ष) को सलामी देकर अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन की खबर से भखरा गांव व सतगावां क्षेत्र में मातम छाया रहा। रिश्तेदारों व ग्रामीणों के साथ-साथ समाजसेवी भी अंतिम संस्कार में पहुंचकर घर वालों को सांत्वना दिया। अंतिम संस्कार के लिए सीआरपीएफ मोकामा बिहार राज्य से शव को लेकर 40 जवान आये जो सोमवार की रात्रि सतगावां थाना पहुंचे और सुबह में शव को उनके भखरा गांव लाया गया। जवानों की उपस्थिति में शव का अंतिम संस्कार किया गया। इनकी नियुक्ति 1992 मे कांस्टेबल के पद पर सीआरपीएफ में मोकामा बिहार से हुआ था। डाल्टेनगंज से दिल्ली, दिल्ली से जम्मू कश्मीर में कमांडो चयन हुए थे उसके बाद उन्हें दिल्ली भेजा गया। जहां पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के समय उनके सुरक्षा गार्ड में 2 वर्षों तक कार्यरत थे। अपने ही विभाग में एसआइ में प्रमोशन हुआ। उसके पश्चात उन्होंने दिल्ली में 16 फरवरी 2024 को किसान आंदोलन के भगदड़ में माथे पर चोट लग गयी जिसके कारण दिल्ली के आइबीएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा था, पर 16 जून को उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। शव सोमवार को संध्या पटना लाया गया। सतगावां थाना से जवानों ने उनके शव को भखरा पहुचाया जहां अंतिम संस्कार हुआ। उपस्थित जवानों ने सलामी दी। मौके पर जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, मानसिंह पासवान, मनोज भगत के अलावा दर्जनों समाजसेवी, बुद्धिजीवी, ग्रामीण, बच्चे, महिलाएं उपस्थित थे।

## शहर को स्वच्छ बनाने का लेना होगा संकल्प: रिया

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ग्रीन तिलैया क्लीन तिलैया और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ साथ जाम की समस्या से निदान के लिए यत्र तत्र वाहनों को नहीं खड़ा करने का संकल्प लेना होगा। तभी समस्या से निजात मिल पायेगी। उक्त बातें एसडीओ रिया सिंह ने विशेष बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है की, लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए नगर परिषद, पुलिस प्रशासन के सहयोग से जाम और अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। एसडीओ ने बताया कि डीसी के मार्गदर्शन के बाद शहर के व्यवसायियों और सामाजिक संगठनों के साथ बैठक कर सुझाव लिए जायेंगे। उन्होंने कहा की शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आने वाले दिनों में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जायेंगे।

# कांग्रेस में भी दावेदारों की कतार रांची से दिल्ली तक लगने लगी दौड़

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव खत्म होते ही सबों की निगाहे अब विधानसभा चुनाव पर टिक गयी है। हजारीबाग सदर विधानसभा से कई संभावित प्रत्याशी कांग्रेस का टिकट पाने को जुट गये हैं। इसको लेकर अब रांची और दिल्ली की दौड़ भी शुरू हो गयी है। हजारीबाग सदर विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर होती है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की हार के बावजूद सदर विधानसभा में कांग्रेस को मिले मत से कांग्रेसी खुश है की विपरीत परिस्थिति में भी वोटरों ने कांग्रेस को सदर विधानसभा में सम्मान जनक वोट दिया। कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी आला नेताओं और प्रदेश प्रभारी के संपर्क में तो हैं हीं, बूथ स्तर पर भी काम कर रहे हैं। साथ ही आगामी चुनाव जीतने के लिए रणनीति भी बना रहे हैं। पिछले सप्ताह रांची आये कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के कार्यक्रम में भी उनकी सक्रियता दिखी। गत विधानसभा चुनाव में हजारीबाग सदर के प्रत्याशी को 54 हजार से अधिक मत मिले, वहीं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को सदर विधानसभा से लगभग 88 हजार वोट मिला।

**कांग्रेस में भी नहीं टिकट के दावेदारों की कमी :** हजारीबाग सदर विधानसभा से कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों में आधा दर्जन नाम सामने आ रहे हैं। सबसे पहला नाम एक बड़े समाजसेवी का है जिन्होंने पिछली बार भी विधानसभा का चुनाव दूसरे दल से लडा था और अच्छा खासा वोट लाकर अपनी ताकत का अहसास कराते हुए विरोधियों को संकेत दे दिया था की हम किसी से कम नहीं हैं। दूसरा नाम पूर्व में रहे प्रत्याशी का भी आता है मगर उनकी सदर विधानसभा में सक्रियता नहीं दिखती। एक नाम जो अपने को लोकसभा प्रत्याशी के रूप में स्थापित करने की कोशिश की थी मगर टिकट लेने में कामयाब नहीं हो सके थे। एक नाम महिला नेत्री का भी आता है जो पिछले साल से कांग्रेस में आई और सक्रिय हुई। इन सबों के अलावा एक पूर्व विधायक के पुत्र भी टिकट के दावेदार हैं और उनकी पहुंच भी उपर तक है। अब देखना यह है की पुराने जुझारू कार्यकर्ता को टिकट मिलता है या पिछली बार की तरह पैरासूट कैंडिडेट को।

### सदर विधानसभा से कांग्रेस के सौरभ नारायण सिंह लगातार दो बार बने थे विधायक

सदर विधानसभा से कांग्रेस के सौरभ नारायण सिंह लगातार दो बार 2005 से 2009 तक और फिर 2009 से 2014 तक प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। दो बार प्रतिनिधित्व करने के बावजूद उनकी सक्रियता राजनीति से दूर है। इसलिए आगामी विधानसभा में उनके आने की संभावना कम है।

## ओपन समर कैंप ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** गर्मी की छुट्टी समापन की ओर है और ऐसे में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं वही इसी बीच कार्यक्रम की समापन समारोह भी हो रहा है, संत रॉबर्ट बॉयज मिडिल स्कूल में पांच दिवसीय ओपन समर कैंप का आयोजन किया गया था, जिसका समापन सोमवार को किया गया, इस कैंप को राष्ट्रीय स्तर के ताइक्वांडो खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया था इस प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ था, वही समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए, हजारीबाग ताइक्वांडो प्रशिक्षक रोशन कुमार चौहान और उनकी पूरी टीम के द्वारा श्री अजमेरा का स्वागत किया गया, कोच के रूप में ज्योति यादव अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी और चीन एशिया गेम 2022 की प्रतिभागी मुख्य रूप से उपस्थित हुई है। इसके बाद प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन अतिथियों के समक्ष रखा इसके उपरांत अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों के साथ एक सामूहिक तस्वीर ली गयी जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के बाद प्रतिभागी अवश्य हजारीबाग और झारखंड का नाम रोशन करेंगे, ताइक्वांडो एक माध्यम है जिसमें खिलाड़ी अपनी ऊर्जा को भर कर अपने लक्ष्य को पूरा कर पाते है। इस कैंप को सफल बनाने में हजारीबाग ताइक्वांडो प्रशिक्षक रौशन कुमार चौहान, रौशन गुप्ता, निरंजन कुमार यादव, सुमन सौरभ, सचिन कुमार का बहुत बड़ा योगदान है।

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में चोरी

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के बाजारटांड़ स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर विद्यालय में चोरी कर ली। इस संबंध में बताया गया कि गर्मी की छुट्टी के बाद आज ही विद्यालय खुला तो प्राचार्य समेत अन्य शिक्षक पहुंचे देखा कि कार्यालय के दोनों दरवाजे के ताले गायब है। अंदर दाखिल होने पर देखा कि अलमारी खुले है बैट्री इनवर्टर सेट, साउंड बॉक्स, माइक, सीसीटीवी के मॉनिटर समेत पूरे सेटअप, दीवाल घड़ी, वाल फैन, विद्यालय के आवश्यक कागजात, रजिस्टर, वाउचर इत्यादि समेत सामान गायब है। घटना की जानकारी प्राचार्य सुनील कुमार ने स्थानीय पुलिस को दी। खबर पाकर पुलिस परियोजना बालिका उच्च विद्यालय पहुंचकर और मामले की जांच पड़ताल की।

## हाइवा की चपेट में आने से चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के मढ़ूआटाड़ में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें अपने ही वाहन की चपेट में आने से चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। यह हादसा मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे की बतायी गयी है। मृतक की पहचान 27 वर्षीय श्याम सुंदर यादव, पिता छत्रु यादव, मढ़ुआटाड़ के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक श्याम यादव अपनी हाइवा को घर के पास खड़ा किया। वह इस बात से अनभिज्ञ था कि उसने हाइवे को ढलान में खड़ा किया था अचानक हाईवे को पीछे ढुलता देख हाइवा को किसी तरह रोकने का प्रयास किया। लेकिन वो इसमें सफल नहीं हो सका, और पीछे बना चबूतरा में लगे पिलर बीच आकर हाइवा से दब गया। जिससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। इधर सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है मृतक का एक बच्ची है, जबकि उसकी पत्नी आठ माह की गर्भवती है।

## केरेडारी में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** प्रखंड के आदर्श गांव केरेडारी परिसीमन गेट के पास सड़क दुर्घटना में मंगलवार को एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। मृतक की पहचान उम्र 26 बर्षीय अमित कुल्लु, पिता राजेन्द्र कुल्लु पतरा कला गांव के निवासी के रूप में किया गया। लोगों ने बताया कि वह केरेडारी प्रखंड के बुंडू गांव अपने बहन के घर से मोटर साइकिल से मंगलवार को अहले सुबह अपने घर लौट रहा था कि इसी दौरान आदर्श गांव केरेडारी के परिसीमन गेट के पास पंहुचते ही अनियंत्रित होने से मोटरसाइकिल सवार अमित कुल्लु ने गेट के सामने बने पशु सेड में जा टकराया। वहां पर कोई भी आदमी न रहने के कारण उसकी घटना स्थल पर उसकी मौत हो गयी। बाद में राहगीरों ने इसकी सूचना थाना को दिया। पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। मृतक के परिजन को रो-रोकर बुरा हाल है वह घर एक ही कमाऊ लड़का था।

## बड़कागांव में 17 दिवसीय हरली मंडा मेला संपन्न, उमड़े शिवभक्त

# दहकते अंगारों पर चल कर दिया आस्था का परिचय

**दर्जनों शिव भक्तों ने पीठ में कील लगाकर 45 फीट ऊपर की परिक्रमा**

**हजारों लोगों ने रात भर उठाया जागरण का आनंद**

**बीच-बीच में नेताओं का लगा रहा तांता**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** 17 दिवसीय हरली मंडा मेला दर्जनों शिव भक्तों द्वारा पीठ में कील लगाकर 45 फीट ऊपर परिक्रमा करने के उपरांत मंगलवार को संपन्न हो गया। इसके पूर्व सोमवार रात दर्जनों शिव भक्तों द्वारा दहकते अंगारों पर चलकर आस्था का परिचय दिया और बड़ी खुशी चेहरे पर मुस्कान लिए शिव पार्वती का गीत गाते हुए अंगारों पर चलकर पार किया। जहा एक ओर हरली ग्राम के साथ-साथ क्षेत्र के हजारों लोगों का जनसैलाब जागरण व झांकी देखने में मशगुल थे वहीं दूसरी ओर दर्जनों शिव भक्त और उनके सहयोगी लोहटन पूजा, अंगारों पर चलना, 45 फीट ऊंचे ऊपर परिक्रमा करना और रात भर शिव पार्वती के ग्रामीण गीतों से पूरा गांव भक्ति विभोर था तथा आस्था के कई मिसाल प्रस्तुत किये गये।

वहीं दूसरी और क्षेत्र के नेताओं और जनप्रतिनिधियों का तांता लगा रहा तथा एक दूसरे से मिलकर मंडा मेला व पूजा की शुभकामनाएं दी। जिसमें मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, वरिष्ठ आजसू नेता रोशन लाल चौधरी, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कोशीला देवी आदि शामिल थे। वही विधि व्यवस्था को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस बल अपनी नजर रखे हुए थे।

इसके पूर्व 1 जून को प्रत्येक वर्ष की भांति विधिवत कलश स्थापना की गयी और उसके 5 दिन बाद पटभंगी के उपरांत भिक्षाटन के लिए शिव भक्त गांव गांव निकल पड़े और 12 दिनों तक गांव-गांव घूम कर शिव पार्वती की महिमा की गाथा गाकर और वहां से प्राप्त फल, सब्जी व चावल आदि हरली शिव मंदिर में लाकर सामूहिक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते रहे तथा मेला के एक दिन पूर्व से निर्जला उपवास का व्रत धारण किया गया।

इस कठोर तपस्या को देख लोगों के मन में आस्था के प्रति और अधिक विश्वास बढ़ गया।

उक्त कार्य को संपन्न कराने में हरली पूजा समिति अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, संगठन मंत्री त्रिवेणी महतो, संयोजक मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार दांगी, पुजारी शबुर महतो, राजेश पंडित, पूर्व मुखिया बिगेश्वर महतो, महेंद्र महतो, सुरेश कुमार दांगी, भुवनेश्वर महतो, भागीनाथ महतो, कन्हाई कुमार, नरेश कुमार दांगी, विधी साव, सुंदर महतो, वासुदेव दांगी, नरेश महतो, रामप्रसाद महतो, गणेश करमाली, लोकनाथ महतो, परमेश्वर महतो, प्यारी महतो, समेत दर्जनों महल्दार और सैकड़ों ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

**कौन-कौन शिव भक्त हुए शामिलः** कलश स्थापना के उपरांत एक एक कर पूजा में शामिल हुए और आस्था का परिचय दिया जिसमें मुख्य रूप से अजय भगत, बीरबल भगत, मुन्ना भगत, विकास करमाली, अमित भगत, विजय भगत, आकाश भगत, धोनी भगत, सचिन भगत, कृष्ण भगत, तुलसी भगत, कुंदन भगत, विनय भगत, विशाल भगत, पंकज भगत, रतन भगत, आकाश भगत, रंजीत भगत, अनिल भगत, परमेश्वर भगत, दीपक भगत, मन्नू भगत और सोना राणा का नाम शामिल है।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं ।



**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या:1075 दिनांक 18.06.2024 के अनुसार मैं नन्दकिशोर साव पिता स्व. रुदन साव उम्र लगभग-57 वर्ष, धर्म-हिन्दू पेशा-व्यवसाय, राष्ट्रीयता- भारतीय, निवासी ग्राम-देवी मंडप, मडई टोला, स्टेशन रोड़ पतरातू पो.-पतरातू, थाना- पतरातू जिला- रामगढ़ (झारखंड) शपथपूर्वक निम्नलिखित व्यान करता हूं कि-

1. यह कि मेरे दो पुत्र क्रमशः 1. गणेश कुमार (29 वर्ष) एवं 2. दीपक कुमार (22 वर्ष) है।
2. यह कि मेरे बड़े पुत्र गणेश कुमार की विवाह हो चुकी है और वह अपने परिवार के साथ मेरे घर में ही रहते है तथा हम दोनों (पति-पत्नी) का देख-भाल करते है। मेरा छोटा पुत्र दीपक कुमार अविवाहित है और घर के किनारेवाले एक कमरे में रहता है।
3. यह कि मेरा छोटा पुत्र दीपक कुमार शुरु से ही हमलोगों से कोई मतलब नहीं रखता है। सभी काम अपनी मर्जी से करता है और कई असामाजिक लोगों के साथ उसका संबंध है। हमलोगों के द्वारा बार-बार समझाने के बाद भी वह अपनी बुरी संगत को नहीं छोड़ता है।
4. यह कि हमलोग अपने छोटे पुत्र दीपक कुमार के गलत आवरण से तंग आ चुके है इसलिए आज दिनांक 18/06/2024 को शपथ पुर्वक यह घोषणा करता हूं कि आज दिन से दीपक कुमार से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रहेगा। उसके द्वारा किये गये किसी भी गलत काम के लिए हमलोग जिम्मेदार नहीं होंगें।
5. यह कि भविष्य में हमलोगों का उसके जिन्दगी में कोई दखल नहीं होगा और दीपक कुमार का भी यह हमलोगों की जिन्दगी से कोई संबंध नहीं रहेगा।
6. यह कि ये शपथ पत्र भविष्य में मै अपने और अन्य परिवार वालों की सुरक्षा की दृष्टि से सक्षम पदाधिकारी को देने बना रहा हूं।
7. यह कि मेरे द्वारा दिया गया उपरोक्त कथन सत्य व सही है।



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.853, Date: 18.06.2024 I, Anupriya Gupta C/oS/o Vijay Kumar, R/o Ravi Steel, Meenlakhan Road No.02, Vrindavan Colony, Jhiri, Ranchi, Jharkhand-835222, do hereby solemnly affirm and declare that the statements made herein below are true to the best of my knowledge:

1. That I am Citizen of India.
2. That I am liviving at my above mentioned address.
3. That I am the Registered Owner of land Vide Deed No.4086 of Mauza Ratu, Land Mark - Ravi Steel-Jhiri-District- Ranchi, State-Jharkhand, related to Khata No. 32, Plot No. 791 Thana no. 145.
4. That my original deed has been lost some where and not tracked out inspite of my deligent search.
5. That my information furnished above are true.



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1262 Dated 10.06.2024.
1. MANGAL DEO ORAON @ MANGALDEV ORAON @MANGAL DEV ORAON ,S/o- Late Soma Oraon,resident of Vill -KDH Miners' Colony P.o- Dakra Colliery P.s- Khalari Dist- Ranchi Jharkhand-829210 do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows: 1. That I am a CCL Employee working under IWSS,Filter Plant, N.K.AREA.G.M.UNIT at the Post of ASST. FOREMAN, having PIS No- 14330948. 2. That my wife is being known by the name of Palho Oraon, Palho Orain and Palho Devi. All these names belongs to my wife. 3. That in my service Sheet there are some mistakes in the name/ date of birth of my family members which do not match with the documents possessed by my sons. 4. That I was unknown about such mismatching/mistake and when I came to know the realities .I do hereby apply for correction in the name/ date of birth recorded in my service Sheet. 5. That I want that the real and actual name and date of birth of my said family members should be recorded in my Service Sheet as per the documents possessed by them which reads as under:-

| S.No. | Name in CCL | Relation | D.O.B. in CCL | Correct ( Name/D.O.B) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Palho Oraon | Wife | 21 Yr. 1989 | Name - Phalo Orain 01-01-1970 |
| 2. | Sandeep Oraon | Son | 02 Yr. 1989 | Name - Sandeep Kumar Oraon 15-08-1989 |
| 3. | Sunita Oraon | Daughter | 1.5 Yr. 1992 | Name - Sunita Kumari 20-05-1992 |
| 4. | Santosh Oraon | Son | 2.5 Yr. 1995 | Santosh Kumar Oraon 01-09-1995 |

.6. That this affidavit is sworn for rectification in the name / date of birth of said sons and to be recorded in my service sheet as per the documents possessed by them
.7. That para 1 to 6 are correct and genuine to the best of my knowledge and belief if found wrong or concealing the fact I shall be fully responsible for the same.Sworn and signed this affidavit at Ranchi on : 10.06.2024 The deponent has been identified by



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

पत्रांक-342 लातेहार, दिनांक-13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/ MID/ Latehar/F2-17/2023-24 (II[nd] call) जिना PR No. 3259 45 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:-

(1) e- निविदा खुलने की तिथि एवं समय -11-07-2024 अपराह्न 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.326673 Water Resource(24-25):D



**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 02/2024-25**
**दिनांक - 15.06.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कोडरमा |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 24.06.2024 से 01.07.2024 तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 02.07.2024, 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलन का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 03.07.2024 को अपराह्न 03:00 बजे से अन्तिम निविदा खुलने तक |

5. कार्य का विवरणी निम्न प्रकार है -
15वें वित्त आयोग

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | मरियमपुर बिरहोर टोला में हाईमास्क लाईट एवं सोलर आधारित वाटर टेंक अधिष्ठापन कार्य। | 999500.00 | 20000.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 2 | 1,5 | (A) S.D.P.O आवास के पास (B). नगर पंचायत कार्यालय के पास डीप बोरिंग के साथ समरसेबल पम्प अधिष्ठापन कार्य। | 699300.00 | 14000.00 | 5000.00 | 02 माह |
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | |
| 3 | 1 | ध्वाजाधारी पहाड गेट के सामने टैम्पु स्टैण्ड में पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 315100.00 | 6350.00 | 1000.00 | 02 माह |
| 4 | 1 | जिला अभियोजना कार्यालय, कोडरमा के पास डीप बोरिंग कराने का कार्य। | 355200.00 | 7150.00 | 1000.00 | 01 माह |

नोट :- नियम व शर्त कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

ह0/-
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 326694 Urban Development(24-25)#D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 19 जून, 2024
www.azadsipahi.in
05


# मारवाड़ी युवा मंच और चेतना ने किया रक्तदान शिविर आयोजित



## बढ़चढ़ करें रक्तदान, आपके रक्त से मिल सकता है नया जीवन: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच 14 से 30 जून तक पूरे देश में रक्तदान पखवाड़ा मना रहा है। इसी के तहत मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा और चेतना शाखा द्वारा मंगलवार को शहर के गोला रोड स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रामगढ़ सदर अस्पताल के ब्लड बैंक टीम ने रक्तदान शिविर में योगदान दिया। मंच संचालन राहुल जैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसी चंदन कुमार थे।

**डीसी ने फीता काटकर किया शिविर का उद्घाटन:** मौके पर डीसी चंदन कुमार ने शिविर का उद्घाटन फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया। मौके पर गोविंद मेवाड़ ने उपायुक्त चंदन कुमार को पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शिविर में डीसी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच पूरे देश में बढ़-चढ़कर समाज सेवा के क्षेत्र में काम करता है। **31000 यूनिट रक्त संग्रह करने का हमारा लक्ष्य है: आशीष अग्रवाल:** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा और चेतना शाखा के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल और अन्नू खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच पूरे देश में 14 से 30 जून तक रक्तदान पखवाड़े का आयोजन कर रहा है और पूरे देश में 31000 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य है। इसी के तहत मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें 92 लोगों ने रक्तदान किया है।

**इन्होंने शिविर को बनाया सफल:** रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, अन्नू खंडेलवाल, सचिव धीरज बंसल, प्राची चौधरी, कोषाध्यक्ष श्रींजय मेवाड़, शैली अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल, मंच संचालक राहुल जैन, सहित पूर्व अध्यक्ष नीलींद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, लोकेश बगड़िया, आशीष मेमानी, विजय खंडेलवाल, शरद चौधरी, अभिषेक अग्रवाल, संतोष गोकुलका, नीतेश बेरलीया, नेहा सूरज अग्रवाल, मिलि अग्रवाल, रवि अग्रवाल, नीतेश बेरलिया, राहुल अग्रवाल, संतोष गोकुलका, उज्जवल बरेलीया, पंकज अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, उज्जवल बेरलीया, आशुतोष बेरलीया, नरेश अग्रवाल, अमन बौंदिया, निखिल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### आजसू पार्टी की बैठक में केंद्रीय कमेटी के निर्देशों को धरातल पर उतारने का संकल्प

# बड़कागांव, रामगढ़ और मांडू में बड़ी जीत दर्ज करेंगे: डॉ देवशरण भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आजसू पार्टी की बैठक मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी व संचालन प्रधान सचिव अनुज तिवारी ने की। जबकि, बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और केंद्रीय महासचिव संजय रंजन सिंह, विजय कुमार साहू व मांडू विधानसभा के प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित हुए। इस दौरान बैठक में 16 जून को केंद्रीय कमेटी की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में जिला कमेटी की बैठक रखी गयी थी। केंद्रीय अध्यक्ष के द्वारा जो निर्णय लिया गया था उस निर्णय से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है। बैठक संबोधित करते हुए डॉ देवशरण भगत ने कहा कि आने वाला 2024 का विधानसभा चुनाव में रामगढ़ जिला में पड़ने वाले तीन विधानसभा, बड़कागांव, रामगढ़ और मांडू में पार्टी बहुत बड़ी जीत दर्ज करेगी।



**पार्टी के विचारों को घर-घर तक पहुंचाएं: दिलीप:** बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि पार्टी के निर्देशों को हम सभी कार्यकर्ता पालन करेंगे और सुदेश जी के विचारों को घर-घर तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधान सभा में जो विकास हुआ है उसी तरह से आने वाला समय में जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो बड़कागांव और मांडू विधानसभा का भी विकास करेंगे। वही, तिवारी महतो ने कहा कि मैं आने वाला विधान सभा चुनाव तक मांडू विधान सभा में रात दिन जनता के बीच रह कर जनता का आशीर्वाद लूंगा।

बैठक में पार्टी के महासचिव संजय रंजन सिंह, महासचिव विजय कुमार साहू, तिवारी महतो, अनुज तिवारी, लालचंद महतो, संजय यादव, हेमलाल महतो, गोविंद मुंडा, मनोज महतो, नीतीश निराला, दियासागर प्रसाद, धर्मेंद्र साव भोपाली, वीरु सिंह, पंकज कुमार दांगी, विभन सिंह, पवन करमाली, रिंकू करमाली, जेठू महतो, मोहरलाल महतो, मदन महतो, छोटू पटेल, नरेश महतो, तेजनाथ महतो, मनीष अमर, बालकृष्ण औहदर, दिलीप कुमार महतो, सुरेश कुमार पटेल, पंकज कुमार, बलराम महतो, हरेश कुमार राय, ललन कुमार सिंह, उदय कुमार पांडेय, अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, अभिमन्यु कुशवाहा, मुन्ना प्रसाद, कुलदीप वर्मा, गुडु सिंह, पवन कुमार यादव, प्रसादी यादव, जीता मिश्रा, संजय बनारसी, उत्तम कुमार पासवान, भानु प्रकाश महतो, दिवाकर नायक, नित्यानंद महतो, अंगद महतो, मुन्ना कुशवाहा, नन्दू महतो, गणेश महतो, लेखराज महतो, रंजीत महतो, विश्व रंजन सिन्हा, हेमलाल महतो, सरिता देवी, सुशीला महतो, देवांती देवी, मीरा देवी, लाजवंती देवी, आशा महतो, अनुपमा सिंह, रीना साह, किशुन राम मुंडा, लालचंद महतो, संजय यादव, देवा महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## लू लगने से अधेड़ की मौत

चतरा। चतरा में लू लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार प्रदेश के गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के अमारुत गांव निवासी 50 वर्षीय मुरारी पाठक के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मुरारी पाठक चतरा में अपने बेटी-दामाद के घर आए हुए थे। मंगलवार की दोपहर एकाएक उनकी तबियत बिगड़ गई। परिवार के लोग उन्हें लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे। उन्हें तेज बुखार के साथ शरीर में दर्द की शिकायत थी।

## विक्षिप्त ने लाठी से दो लोगों की हत्या कर दी

चतरा (आजाद सिपाही)। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भरही गांव निवासी पप्पु खान का पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त आसिफ खान ने लाठियों से पीट-पीटकर दो लोगों की हत्या कर दिया और एक युवक को घायल कर दिया। वहीं इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने विक्षिप्त युवक की इस हरकत को देख उसे भी मौत के घाट उतार दिया। जबकि घायल युवक कृष्णा रॉय का इलाज रांची रिम्स में किया जा रहा है तथा मृतकों में जमाल मियां, पिता खलील मियां और रबदा गांव निवासी द्वारिका रॉय शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया की जमाल मियां जानवर चराकर अपने घर वापस आ रहा था। इस दौरान विक्षिप्त आसिफ खान ने उसे लाठी से मारकर मौत की घाट उतार दिया । वहीं द्वारिक राय व कृष्णा राय को पत्थर से मारकर घायल कर दिया। घायलों का प्राथमिक उपचार घोरीघाट में किये जाने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान द्वारिका राय की मौत हो गयी। विक्षिप्त आसिफ की इस पागलपन से ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गये और गुस्से में आकर उसकी भी हत्या कर दिया।

## सुशीला हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। पतरातू बस्ती विद्यानगर में सेवानिवृत रेलवेकर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में घुस कर उनकी पत्नी सुशीला प्रसाद की हत्या कर नकदी और आभूषण लूट-पाट कर साक्ष्य को छुपाने के उददेश्य से घर में अगजनी कर सनसनी खेज घटना को अंजाम देने के मामले में एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। आरोपी की गिरफ्तारी एसआइटी ने गढ़वा से किया है। साथ ही लूटे गये सामान की भी बरामदगी की है। यह जानकारी डॉ एसपी बिमल कुमार ने मंगलवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को दिया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी और लूटे गये संपति और घटना में प्रयुक्त सामानों की बरामदगी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद टीम ने साक्ष्यों के आधार पर करीब 72 घंटे के अंदर इस कांड का उद्भेदन करते हुये कांड में शामिल मुख्य साजिशकर्ता कुमारी स्नेहा उनके पति आरिफ नैयर उर्फ आर्या और अफसर अली को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जिसके बाद टीम ने सोमवार की रात्रि गढ़वा थाना अन्तर्गत गढ़वा (संगत रॉकी मुहल्ला) से इस काण्ड में फरार चल रहे अभियुक्त अंकित उर्फ अनिकेत कश्यप को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया। साथ ही अभियुक्त के निशानदेही पर इस कांड में लूटे गये चाँदी के जेवरात और कुछ बर्तनों को बरामद कर किया गया।







# मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने के लिए चलेगा जागरूकता अभियान: डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने के लिए लोहरदगा जिला में लोगों के जागरूकता अभियान 19 जून 2024 से 26 जून 2024 तक चलाया जाएगा। इस अभियान को लेकर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला परिषद सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/प्रतिनिधि शामिल हुए जिन्हें अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेवारी दी गई।



दिनांक 19.06.2024 को समाहरणालय परिसर लोहरदगा से सभी प्रखण्डों में नशीले व मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोकने के लिए एक जागरूकता रथ को प्रखण्डों के लिए रवाना किया जायेगा जो 26 जून 2024 तक चलेगा। समाज कल्याण विभाग की ओर से पंचायतों गोष्ठी, चौपाल के जरिये लोगों को जागरूक किया जाएगा। नगर भवन, लोहरदगा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रतियोगिता, क्विज, शपथ आदि का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 26 जून 2024 को रन फॉर ड्रग फ्री झारखण्ड थीम पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा।

स्वास्थ्य विभाग को सभी उप स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम करने का निदेश दिया गया।

खेल पदाधिकारी को पर्यटन स्थलों में नशीले पदार्थों के सेवन के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम किये जाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार नगर प्रशासक को भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, नगर प्रशासक जयपाल सिंह, खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा समेत विभागों के पदाधिकारी व अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सीनी टाटा ट्रस्ट का विज्ञान तथा गणित का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा/लोहरदगा। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार में सीनी टाटा ट्रस्ट द्वारा विज्ञान एवं गणित के शिक्षण पर रुचि पैदा करने के लिए पाठ्य पुस्तकों में वर्णित अध्यायों को पढ़ाने तथा संभावित नए तरीकों के उन्मुखीकरण के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रखंड मुख्यालय के रिसोर्स कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यशाला में प्रकृति और पर्यावरण के महत्व, जैव विविधता, आहार श्रृंखला, विज्ञान का दैनिक जीवन से जुड़े हुए प्रयोग तथा गणित का नित्य जीवन में उपयोग और दैनिक जीवन में गणित के महत्व पर चर्चा की गयी। संख्याओं की संक्रिया, शिक्षण सामग्री का उपयोग कर



बताया गया की बच्चों को हम कैसे बेहतर गणित सिखा सकते है आदि विषयों पर चर्चा और कार्य किया गया। कार्यशाला में सिनी टाटा ट्रस्ट के लोहरदगा, लातेहार,गुमला और पूर्वी सिंहभूम की टीम के सहकर्मियों ने भाग लिया. मुख्य प्रशिक्षक के रूप में जी वी एस प्रसाद, रमाशंकर, सलिल वरण कुंडू और अवधेश यादव के द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिलाया गया। वही अयोजित कार्यशाला में सीनी टाटा ट्रस्टस के समुंद्र सिंह सेंगर, तरुण कुमार, श्रेया एक्का, उदित कुमार,शिवचरण महतो के अलावे प्रखंड क्षेत्र के शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# मौसम के करवट लेने से मिली गर्मी से राहत पर दो गरीबों के घर की एस्बेस्टस छत उड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/लोहरदगा।** मौसम के करवट लेते ही कुछ समय के लिए गर्मी से जन जीवन में राहत मिला। वहीं उरु तेतर टोली में आंधी तूफान ने मचाया तबाही। दो गरीब परिवार का आशियाना उजड़ा रहने को उतपन्न ही समस्या। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु तेतर टोली में सोमवार देर शाम आंधी तूफान के कहर से दो गरीब किसान परिवार का घर का एलबेस्टर उड़ गया। जिसे गरीब किसानों को रहने की समस्या बना हुआ है। वही बताया जाता है। कि



दोनो परिवार अति गरीब है। और सर छुपाने के लिए एल्वेस्टर तथा खपरैल का मकान बना अपने परिवार के साथ रहते थे। जिसे कि सोमवार देर शाम को अचानक मौसम के करवट लेने से जन जीवन में गर्मी से राहत तो मिला लेकिन आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश में तेतर टोली निवासी स्वर्गीय बलदेव उराँव का पुत्र घुड़ा उराँव का घर का एल्वेस्टर उड़ गया। जबकि धना टाना भगत का पुत्र एतवा टाना भगत का खपरैल मकान में इमली पेड़ गिरने से मकान को क्षतिग्रस्त हो गया। दोनो परिवार के बीच रहने की समस्या बनी हूई है। इस घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। दोनो गरीब परिवार जानकारी देते हुए सरकारी सहयोग का विभाग से उम्मीद कर रहे हैं। विदित हो कि एल्वेस्टर उड़ने तथा इमली पेड़ गिरने से दोनो परिवार को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है।

# सूखे पेड़ बड़े हादसे को दे रहे हैं आमंत्रण, जल्द नहीं हटाये गये तो हो सकता है बड़ा हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू के कई घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में दर्जनों सूखे और पुराने पेड़ों से किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। कई स्थानों पर बिजली खंभों में पेड़ की डाली गिरने से बिजली आपूर्ति भी बाधित होती रहती है। ऐसा ही एक विशाल सूखा पेड़ कुडू चंदवा मुख्य पथ कूडू के टीको पुल स्थित पावर सब स्टेशन के सामने स्थित यादव ढाबा के मुख्य द्वार पर महीनों से सुख चुका पेड़ दुर्घटना को नेवता दे रहा है। एनएच 75 से होकर



गुजरने वाले सैंकड़ो भारी वाहनों के चालक नाश्ता पानी और विश्राम करने के लिए सड़क के किनारे ढाबे और होटलों में रुकते हैं। आये दिन सूखे पेड़ की टहनियां टूट कर गिरती रहती हैं। आम लोगों का कहना है कि सूखे पेड़ को हटाने में प्रशासन और जिम्मेवार विभाग द्वारा। नजरअंदाज करने का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। इस तरह के पेड़ो को चिन्हीत कर अगर जल्द काटकर नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# नेतरहाट में पूर्व सांसद राम अवधेश सिंह की जयंती मनायी गयी




आजाद सिपाही संवाददाता

**नेतरहाट (लातेहार)।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा दक्षिणी छोटानागपुर और पलामू प्रमंडल कमेटी द्वारा मंडल आयोग के जनक दिवंगत राम अवधेश सिंह , पूर्व सांसद की 87वीं जयंती समारोह का आयोजन महिला समिति सभागार ,नेतरहाट में किया गया। जिसकी अध्यक्षता लातेहार जिला अध्यक्ष उदित पासवान ने किया। संचालन गुमला जिला अध्यक्ष किशोर कुमार महली ने किया` समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य दफदार चौकीदार पंचायत के राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश संयुक्त सचिव समसुल अंसारी और सीता उरांव ने भाग लिया। जयंती समारोह में पंचायत के राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने दिवंगत राम अवधेश सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये मंडल आयोग के जनक, महान समाजवादी, क्रांतिकारी नेता और चौकीदार दफदारों के उद्धारक थे` श्री सिंह ने बताया कि दिवंगत राम अवधेश सिंह, पूर्व सांसद व्यापक संघर्ष के प्रतीक थे और उनके आंदोलन के बदौलत ही संयुक्त बिहार में पिछड़े वर्गों को राज्य सरकार के सरकारी नौकरियों में 10 नवंबर 1978 ई से आरक्षण मिला। इसी आंदोलन से प्रभावित होकर मंडल आयोग का गठन भारत सरकार ने किया था। उनके संघर्ष के बदौलत ही भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत विश्वनाथ प्रताप सिंह ने पिछड़े वर्गों को भारत सरकार के सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा 7 अगस्त 1990 को की थी । श्री सिंह ने बताया कि उनके ही प्रयास से संयुक्त बिहार के अनुसूचित जाति /जनजाति कर्मचारी और पदाधिकारी के प्रोन्नति में आरक्षण लागू हुआ था । इसलिए उनकी जयंती समारोह में सर्वसम्मिति से प्रस्ताव पारित करके दिवंगत राम अवधेश सिंह पूर्व सांसद को भारत रत्न देने की मांग भारत सरकार से की गई है। जयंती समारोह में रमेश पासवान, राजेश राम, पृथ्वी राम हारुण खेस इत्यादि शामिल थे।

# कैरो और भंडरा प्रखंड का भ्रमण कर फिर से कुडू पहुंचे गजराज, दहशत में ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू/लोहरदगा।** बीते शनिवार को कुडू पहुंचा हाथियों दल को जिले के कैरो, भंडरा प्रखण्ड का दौरा कर तीसरे दिन मंगलवार की सुबह तड़के 6 बजे कुडू पहुंचने से कुडू कैरो सीमाने के दर्जन भर गांव के लोगों की नींद उड़ी हुई है और अपने घरों और फसलों की हिफाजत के लिए रतजग्गा करने पर मजबूर हैं। ज्ञात हो कि शनिवार की रात कुडू शहरी क्षेत्र में घुसे इस झुंड को ग्रामीणों ने किसी प्रकार भगाया था। जिसके बाद 22 हाथीयो का दल कुडू सीमा के सुकुरहुट्ट गांव में



किसानों की मक्के की फसल को बुरी तरह रौंद कर तहस नहस कर दिया वहां से निकलकर कैरो और कुडू - कैरो बॉर्डर पर स्थित चाल्हो पतरा में एक स्कूल की चारदीवारी को आंशिक क्षति पहुंचाई और बाद में स्थानीय निवासी लक्ष्मण उरांव के घर को तोड़कर घर मे रखे अनाज को चट कर गए। कैरो प्रखंड के घसकट्टा में रात बिताई और सोमवार तड़के उतका नहर पार गजनी पहुंच अलग-अलग टोली बनाकर विचरण करते हुए भंडरा के नन्दिनी जलाशय पहुंचे वहां से वापस लौट कर सुबह 6 बजे कुडू कैरो मुख्य पथ से सटे सुकुरहुट्ट सतबिहिनी पतरा में डेरा जमाए हुए हैं। जिससे स्थानीय ग्रामीणों के अलावा उधर से गुजरने वाले राहगीरों तक टेंशन में है। विदित हो कि हाथियों का झुंड का कुडू - चंदवा सीमावर्ती क्षेत्र तथा कुडू कैरो क्षेत्र में प्रयाह पहुंच जाता है। और लोगों का मकान तोड़ने के अलावा खेत में लगे फसलों को भी बर्बाद कर चलते बनते है। क्षेत्र में हाथियों का आतंक रहता है।

# किस्को कृषि विज्ञान केंद्र में ऊर्जा संरक्षण और जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**किस्को /लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के किस्को में कृषि विज्ञान केंद्र में जरेड़ा झारखंड सरकार के द्वारा ऊर्जा संरक्षण व जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉ हेमंत कुमार पांडे, डॉ राकेश रंजन, मुकेश कुमार, जितेंद्र सिंह चौहान, चिरंजीवी सिंह,के अलावे परहेपाट पंचायत के भूतपूर्व मुखिया सुखमणि लकड़ा के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरूआत किया गया। जिसके बाद योजना से संबंधित फाइल देकर हेमंत कुमार पांडे सहित किसानों को सम्मानित किया गया वही कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण और जल संरक्षण बचाने के तरीके बताकर किसानों को जागरूक किया गया और किसानों को अधिक से अधिक मात्रा में खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान मौजूद थे।

# अवैध बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर जब्त




**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू ढुलाई पर अंकुश लगाने के दिशा में पुलिस एवं अंचलाधिकारी द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उसके बावजूद अवैध रूप से बालू खनन एवं परिवहन थमने का नाम नही ले रहा है। इतना ही नही एनजीटी के पूर्व भी बालू ढुलाई चोरी छुपे बालू माफिया द्वारा जारी था। और एनजीटी के बाद भी। जिसको लेकर एक ट्रैक्टर को पकड़ कर खनन विभाग के निर्देश पर एनजीटी के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था। उसके बावजूद भी अवैध बालू परिवहन थमने का नाम नही ले रहा है। उसी दौरान मंगलवार को उगरा क्षेत्र से अवैध बालू खनन कर कोयल नदी से परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना में सुरक्षित रखते हुए खनन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया है।

# महिला कॉलेज में भव्य रूप से मनाया जायेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)। 21 जून 2024 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय लोहरदगा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, विशिष्ट अतिथि आजसू नेत्री नीरू शांति भगत रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रवीण सिंह करेंगे। योग प्रोटोकॉल का अभ्यास योग के डॉक्टर अशोक आचार्य द्वारा कराया जाएगा। जिन्हें एम्स दिल्ली. इग्नू यूनिवर्सिटी। डीडीए दिल्ली बहुत सारे सेलिब्रिटी को योग सिखाने का लगभग 15 साल का अनुभव है. योग दिवस का ड्रेस कोड सफेद रहेगा। 2024 का योग का थीम है नारी सशक्तिकरण के लिए योग। योग दिवस पर महिलाओं के लिए विशेष योग एवं नेचुरोपैथी का उपचार बताया जायेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के योग के कोच मुकेश कुमार योगाचार्य द्वारा योग और एक्यूप्रेशर का निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। बच्चों का योग एवं नृत्य का सम्मिश्रण देखने को मिलेगा एवं महिलाओं द्वारा शुद्धि क्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। वही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।**

# संजय सेठ से किया राउरकेला-जयनगर ट्रेन के प्रतिदिन परिचालन का आग्रह

**रांची (आजाद सिपाही)। लगातार दूसरी बार रांची संसदीय क्षेत्र से जीतने वाले सांसद और मोदी 3.0 के मंत्रिमंडल में बतौर रक्षा राज्यमंत्री नियुक्त होने के बाद संजय सेठ चार दिनों के लिए रांची आये हुए थे। मंगलवार को वह फ्लाइट से पुनः दिल्ली निकल गये। इससे पहले मिथिला समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए झारखंड मैथिली मंच, रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष विनय कुमार झा के नेतृत्व में संजय सेठ से भेंट की। संस्था के सदस्यों ने सर्वप्रथम मंत्री को मिथिला का संस्कृति सम्मान पग पहनाया। दोपट्टा ओढ़ा कर पुष्प गुच्छ प्रदान किया। इसके बाद संस्था के महासचिव जयंत झा एवं सदस्य सह वार्ड 26 के निवर्तमान पार्षद अरुण कुमार झा ने राउरकेला-जयनगर ट्रेन से संबधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि रांची संग झारखंड में रहने वाले समस्त मैथिलों के लिए राउरकेला-जयनगर ट्रेन एकमात्र ट्रेन है, जो ओड़िशा से चल कर झारखंड और बंगाल होते हुए मिथिला क्षेत्र जयनगर तक जाती है। यह एक लंबी दूरी की द्रुतगामी ट्रेन है, जो सप्ताह में मात्र तीन दिन चलती है। मंच ने मंत्री से रांची से राउरकेला-जयनगर ट्रेन का परिचालन प्रतिदिन कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में मैथिली मंच के अध्यक्ष के अलावा महासचिव विनय कुमार झा, बाबूलाल झा, प्रेमचंद्र झा, नवीन कुमार झा, सुकुमार झा, नरेश झा, आशुतोष झा संग कई सदस्य भी उपस्थित थे।**

# 0-40 वर्ष के सभी नागरिकों की होगी सिकल सेल की जांच: सिविल सर्जन

लोहरदगा में आज से मनाया जायेगा विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर 19 जून को लोहरदगा जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों को सिकल सेल एनीमिया के बारे में जागरूक किया जाएगा और सभी बच्चों एवं शिक्षकों की निशुल्क जांच की जाएगी। वही सदर अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सिकल सेल की जांच की जाएगी।




यह जांच लगभग 15 दिनों तक चलाया जाएगा। उक्त जानकारी लोहरदगा सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, आइटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग ने पत्रकार वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गांधी और आवासीय विद्यालयों में सभी छात्राओं और छात्रों की सिकल सेल एनीमिया जांच की तैयारी की जा रही है। सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है जिसमें लाल रक्त कोशिकाएँ हसिये के आकार की हो जाती हैं, जो जल्दी टूट जाती हैं और इससे खून की कमी हो जाती है। इस बीमारी से ग्रसित मरीजों को खून की कमी, कमजोरी, थकान, कमर और जोड़ों में दर्द हो सकता है। गंभीर रूप से ग्रसित मरीजों को बार-बार खून चढ़ाने की आवश्यकता होती है। लोहरदगा जिले में 0-40 वर्ष के सभी लोगों का खून जांचा जा रहा है। यह कार्यक्रम 1 नवंबर 2022 से शुरू किया गया था। जांच के बाद विवाह पूर्व काउंसलिंग की जा रही है ताकि विवाह के बाद उनके बच्चों को इस बीमारी से बचाया जा सके और जिले में सिकल सेल एनीमिया के प्रसार को रोका जा सके। इस बीमारी की जांच ही इसका बचाव है।

# रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर पौधरोपण

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार के नेतृत्व में जोरी पंचायत के कुटमू गांव के वार्ड नंबर 14 में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें आवला, पपीता, आम जैसे फलदार पौधों का पौधा रोपण किया गया। उन्होंने यह अपील किया कि इस बरसात में सभी नागरिक पांच पांच पौधा अपने आसपास जरूर लगाए ताकि आने वाले समय में इस तरह का गर्मी ना पड़े। इसके साथ अधिक गर्मी पड़ने से छोटे-छोटे पक्षी जीव जंतु की मृत्यु हो जाती है। इसलिए सभी नागरिकों से अपील है की अधिक से अधिक पौधा लगाए। मौके पर उपस्थित बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, बजरंग दल नगर सहसंयोजक अनुभव कसकर, बैजनाथ साहू,सत्यम कुमार, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## कल्पना सोरेन पहुंची गढ़वा, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

# हमें विस चुनाव सिर्फ लड़ना नहीं, अद्वितीय सफलता हासिल करनी है : कल्पना सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री गांडेय विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन मंगलवार को गढ़वा पहुंची। यहां बिरसा मुंडा हेलीपैड पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। महिला कार्यकर्ताओं ने तिलक लगा कर और पत्तों से बनी झारखंड की पारंपरिक टोपी पहना कर उनका स्वागत किया। श्रीमती सोरेन गढ़वा विधायक और झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पहुंचीं। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद भी किया। श्रीमती सोरेन हुसैनाबाद में आयोजित कार्यक्रम में जा रही थीं। यहां से श्रीमती सोरेन और मंत्री ठाकुर दोनों हुसैनाबाद के लिए रवाना हो गये।

गढ़वा आगमन पर कल्पना सोरेन ने झामुमो कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा और हेमंत जी की अनुपस्थिति में आपकी मेहनत ने ही गत लोकसभा चुनाव में बेहतर सफलता दिलायी है। अब हम सबों के सामने विधानसभा का चुनाव है, जिसे भी उसी जोश और जज्बे के साथ केवल लड़ना ही नहीं, बल्कि अद्वितीय सफलता हासिल करनी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा रूपी एक पड़ाव को तो हमने सभी वरीय नेता और अपने जुझारू कार्यकर्ताओं के बदौलत पार कर लिया। अब दूसरा पड़ाव विधानसभा का चुनाव है। लेकिन चुनाव में जुटने के साथ साथ अभी राज्य की जनता को काफी लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार के मुख्यमंत्री बेहतर काम कर रहे हैं। जनहित की कई नयी योजनाएं शुरू की जा रही हैं। अभी राज्य के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। श्रीमती सोरेन ने कहा कि हमें बातें कम और काम ज्यादा करना है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनीति में सबकी अपनी अपनी नीति और रणनीति होती है।

साथ ही चुनाव के बाद सभी अपनी-अपनी तरह से समीक्षा करते हैं, बैठकें होती हैं। इसमें कई तरह की बातें होती हैं। लेकिन मुझे उस पर ध्यान देने के बजाए खुद पर गौर करना है कि आने वाले समय में हमारे सामने क्या चुनौती है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सभी नेताओं को लोकसभा चुनाव के बाद बखूबी समझ में आ गया है कि हमें कितनी मेहनत करने की जरूरत है। क्योंकि विधानसभा का चुनाव झारखंड के लिए बहुत बड़ा पड़ाव है। उसे कैसे ज्यादा से ज्यादा सीट के साथ पार करना है। इसे सुनिश्चित करना जरूरी है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, नितेश सिंह, दीपमाला, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, दिलीप गुप्ता, चंदा देवी, फरीद खान, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूरी तरह से बदल चुकी है गढ़वा की तस्वीर : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

## भाजपा व राजद छोड़कर 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के बेलचंपा पंचायत अंतर्गत नावाडीह भुइयां टोली में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा और राजद छोड़कर 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने तन मन से पार्टी की सेवा करने तथा पार्टी की नीति और सिद्धांतों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कमालु खान के नेतृत्व में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से आनंद सिंह, डॉ असलम अंसारी, उपेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, झोटन भुईयां, जिनोद अंसारी, अनुग्रह सिंह, नरेश राम, जितेंद्र शर्मा सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि जनता पूरी तरह से जागरूक हो चुकी है। सभी लोग अच्छी तरह से समझ चुके हैं कि कौन जनता का हितैसी है और कौन जनता के साथ छल करने वाला है। उन्होंने कहा कि झामुमो ही एकमात्र पार्टी है जो राज्य एवं राज्य की जनता के हित को ध्यान में रखकर कार्य करती है। मंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद महागठबंधन की सरकार ने हेमंत सोरेन और चंपाई सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य में काफी बेहतर विकास कार्य किया है। मंत्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता के आशीर्वाद और सहयोग से उन्होंने गढ़वा के माथे पर लगा पिछड़ेपन के कलंक धो डाला है। पहले गढ़वा की गिनती राज्य के सबसे पिछड़े जिले में होती थी, परंतु अब गढ़वा विकास के मामले में उदाहरण बन चुका है। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने विकास के नाम पर कहीं भी एक ईंट तक नहीं रखा। यहां तक कि उनका गृह पंचायत भी पिछले दस वर्षों में खस्ता हाल बना रहा। परंतु आज काफी कम समय में बगैर भेदभाव के मैंने सभी क्षेत्रों का संपूर्ण विकास किया है। आज पुरी तरह से गढ़वा की तस्वीर बदल गयी है। राज्य में पहली बार झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जो हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सदर अंजुमन मदनी खान, परेश तिवारी, साकिर खान, खुशबुद्दीन, चांद साह, मोबिन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिरसा ट्रेनिंग सेंटर डंडई में प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

# डंडई प्रखंड के लिए यह सुनहरा कदम : जिप सदस्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**डंडई प्रखंड।** बिरसा ट्रेनिंग सेंटर डंडई में मंगलवार को प्रमाण पत्र वितरण सह विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका सुभारंभ जेआरएस टेक्नोलॉजी प्राइवेट स्टेट हेड विकास सिंह, जिला पार्षद मोहन पासवान, 20 सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद क्यामुद्दीन अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि घुरबीगन बैठा, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद,मुखिया प्रतिनिति महेश राम व अंचल निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से द्विप प्रज्वलित सहित राष्ट्रगान आयोजन करवा कर किया गया। तब पश्चात नये बैच के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गान सहित अन्य प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया। वही अतिथियों के द्वारा परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया । विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सभी अतिथियों ने कहा कि सरकार का उद्देश्य मात्र प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र देना नहीं है बल्कि ट्रेनिंग प्राप्त कर चुके सभी छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल के लिए स्वरोजगार और नौकरी से जोड़ना भी मुख्य उद्देश्य है उक्त सभी ने सभी छात्राओं को स्वरोजगार एवं नौकरी करने के लिये भी अनुरोध किया। यह ट्रेनिंग सेंटर खुलने से पहले यहां के बच्चे दूसरे जिला में जाकर ट्रेनिंग प्राप्त करते थे परंतु अब यहीं पर रहकर सिलाई और कंप्यूटर का ट्रेनिंग प्राप्त करके स्वरोजगार एवं नौकरी से जुड़ सकते हैं इसके लिए हमारी पूरी टीम लगी हुई है सरकार सहित विभाग भी प्रतिबद्ध है। इस मौके पर सेंटर मैनेजर शिवम सिंह, सूरज सिंह, ट्रेनर सबिला बानो, सुनील कुमार, पंकज ठाकुर सीता देवी सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थे।

# शिवराज को झारखंड का प्रभारी बनाये जाने पर हर्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बंशीधर नगर।** पूर्व मंत्री सह भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचंद्र केसरी ने झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी के रूप में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड के प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा को सह प्रभारी बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी विधानसभा में उनके नेतृत्व में दो तिहाई से अधिक सीट जीतने का भरोसा जताया है। केसरी अपने आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि शिवराज सिंह चौहान जमीन से जुड़े नेता है उनकी लोकप्रियता गरीबों, आदिवासियों, किसानों,महिलाओं में काफी है। वे किसानों, मजदूरों आदिवासियों के लिए हमेशा से आवाज उठाकर उनके उपयोगी कार्य को करते हुए मध्य प्रदेश एवम देश के लोकप्रिय नेता बने। उन्होंने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम सबों को उनके मार्गदर्शन में आगामी झारखंड के विधानसभा चुनाव लड़ना है उनके कुशल नेतृत्व के बल पर हमें पूरा विश्वास है झारखंड में बहुत अच्छा परिणाम भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन के पक्ष में आयेगा। केसरी ने कहा कि झारखंड भाजपा एवं एनडीए के कार्यकर्ता शिवराज सिंह चौहान और हेमंत विश्व शरमा को चुनाव प्रभारी बनाये जाने के बाद काफी जोश में है प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड में संगठन पहले से ही मजबूती पर है ऐसे में शिवराज सिंह चौहान का मार्गदर्शन मिलने से यहां के कार्यकर्ता बहुत उत्साहित है। केशरी ने शिवराज सिंह चौहान और हिम्नता विश्व सारमा को चुनाव प्रभारी बनाने पर केंद्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद दिया है। मौके पर अरुण प्रसाद, सलीम अंसारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# उजला प्लास्टिक में रसगुल्ला दिये जाने से नाराज ग्राहक ने होटल में तोड़फोड़ की



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खरौंधी मोड़ के समीप करमू होटल में मंगलवार को दोपहर काला की जगह उजला प्लास्टिक में रसगुल्ला दिए जाने से नाराज ग्राहक ने होटल में तोड़ फोड़ करने के साथ ही होटल मालिक के साथ मारपीट तथा लूटपाट की घटना का अंजाम दिया। होटल कर्मियों द्वारा उक्त ग्राहक को पकड़ कर इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने होटल संचालक से घटना की जानकारी लेने बाद अरसली उतरी निवासी छोटू शर्मा नामक उक्त युवक को हिरासत में लेकर थाना लाया। होटल संचालक करमू चंद्रवंशी ने पुलिस को बताया कि बुधवार की दोपहर में छोटू शर्मा नामक युवक होटल पहुंचकर रसगुल्ला की मांग किया। जब मेरा बेटा उजला प्लास्टिक में रसगुल्ला दिया तो उसने काला प्लास्टिक में देने की मांग करने लगा, काला प्लास्टिक नही होने की बात कहने पर वह अक्रोशित होकर गाली गलौज करने लगा, इसके बाद मैं उसे समझा बुझाकर उसे भेज दिया। बताया कि थोड़ी देर के बाद छोटू शर्मा अपने साथ कुछ युवकों के साथ दुबारा होटल पहुंचा तथा गाली गलौज करते हुए हाथ में लिए लोहे के रॉड से काउंटर, वेट मशीन को पीटकर क्षतिग्रस्त कर दिया तथा डेग में भरा हुआ रसगुल्ला को फेंक दिया। कहा कि उसके साथ आए हुए युवक जाते जाते उसने कैश काउंटर में रखा हुआ 40 हजार रुपये भी निकाल कर फरार हो गये। उधर होटल संचालक के लिखित आवेदन के आलोक में पुलिस अन्य आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई में जुट गयी है।

# सीजी इलेवन को हरा कर आरसीबी ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में कौशल किशोर ठाकुर के स्मृति में रंकाराज क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में खेले जा रहे रात्रि कालीन कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल महामुकाबला मैच सोमवार को सीजी एलेवेन और आरसीबी रंका के बीच खेला गया। जिसमें आरसीबी रंका ने 67 रनों से जीतकर खिताब (ट्राफी) पर कब्जा जमाया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, अंचल पदाधिकारी शिव पूजन तिवारी, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र आजाद, थाना प्रभारी अनिल नायक, जिपस राहुल तिवारी, प्रखंड बीस सूत्रि उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, रंकाकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि झामुमो युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर, फीता काट कर एवं बैटिंग बॉलिग कर शुभारंभ किया। टॉस जीतकर सीजी एलेवेन ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया जिसमें आरसीबी रंका ने 142 रनों का स्कोर खड़ा किया जबकि जवाबी पारी खेलने उतरी सीजी एलेवेन निर्धारित ओवर में 75 रन ही बना सकी। इस प्रकार आरसीबी रंका ने यह फाईनल महामुकाबला मैच 67 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच बंटी को दिया गया। वही पूरे टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले को मैन ऑफ द टूर्नामेंट आरसीबी रंका के बंटी को दिया गया। बेस्ट क्षेत्ररक्षक विश्रामपुर टीम के रबादा, अनुशासित टीम सलेया, बेस्ट बॉलर सीजी एलेवेन के जमाल को प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि यह टूर्नामेंट झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर के पिता कौशल किशोर ठाकुर के स्मृति में कराया गया जिसे सफल बनाने के लिए मंत्री ने एक लाख रुपये सहयोग प्रदान किया जबकि राजेश कुमार मद्धेशिया ने ईक्कीस हजार और बीस सूत्रि जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने ग्यारह हजार, राहुल तिवारी ने ईक्कीस सौ तथा रोजगार सेवक शशि सोनी ने भी ईक्कीस सौ रुपये और छोटू सिंह ने वीनर ट्राफी सहयोग के रूप में प्रदान किया। इस टूर्नामेंट के संरक्षक रंकाकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो नेता राजेश कुमार मद्धेशिया, शानदार कमेन्ट्री राकेश कुमार चंद्रवंशी ने किया। इस मौके पर झामुमो रंका प्रखंड युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, विश्रामपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा नेता विवेक कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, झामुमो नेता धर्मेन्द्र पाठक उर्फ भंडुल पाठक, मुकेश तिवारी, रंका पंचायत अध्यक्ष अजय प्रसाद, अरविंद सोनी, रंजीत सोनी सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित थे।

# मुआवजा नहीं मिलने के कारण सड़क निर्माण कार्य में रोक लगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** रंका थाना मोड़ से रमकंडा तक बन रहे टू लेन रोड निर्माण में जा रहे रैयती जमिन के रैयतों (मालिकों) ने मुआवजा भुगतान नहीं करने के कारण सड़क निर्माण कार्य को रोक लगा दिया है। रैयतों का कहना है कि गंगा कंस्ट्रक्शन के द्वारा रंका रमकंडा रोड का निर्माण कार्य चल रहा है जो सैकड़ों लोगों का रोड के दोनों किनारे रैयती जमिन रोड में जा रही है। एक रैयत मो० फजलूदीन अंसारी ने बताया कि रोड बनने से पहले जमिन की मुआवजा भुगतान करने की बात कही गयी थी किंतु अब तक मुआवजा भुगतान नही किया गया जो चिंता की विषय है। उन्होंने बताया कि रंका अंचल के अमीन कर्मचारी और अंचल पदाधिकार के द्वारा जमिन की रिपोर्ट सबंधित विभाग को भेज दिया गया है किंतु अभी तक मुआवजा की भुगतान लंबित है और रोड का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है। फजलूदीन अंसारी ने कहा कि मुआवजा भुगतान के साथ साथ कार्य भी घटिया किया जा रहा है। जब मुआवजा भुगतान एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं होता है तब तक कार्य नहीं होने देंगे। इसके लिए पूरे रैयत जनता सड़क पर उतरेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिये रंका अंचल पदाधिकारी को आवेदन दिया गया है जिसमें उन्होंने कहा कि यह भूअर्जन विभाग का मामला है। मुआवजा भूअर्जन विभाग में आ गया है किन्तु भुगतान नही किया जा रहा है। कहा कि ठेकेदार बब्लू सिंह के द्वारा कार्य रोकने पर पुलिस के द्वारा जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। मुआवजा भुगतान और गुणवत्ता युक्त काम किया जायेगा तभी काम होने दिया जायेगा।

# बोलेरो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खरौंधी थाना क्षेत्र के चंदना गांव के समीप तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर बोलेरो के पलटने आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों में केतार के छाताकुंड के जोगियाबीर निवासी अजंतिया देवी पति लखन राम, भूरिया देवी, सुखमनियां देवी पति कामेश्वर राम तथा मझिगांवा निवासी सुरेंद्र राम के 10 वर्षीय पुत्र सुरज कुमार का नाम शामिल है। सभी घायलों को इलाज हेतु भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सक दिनेश कुमार के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद सुखमनियां देवी, अजंतिया देवी तथा भुरिया देवी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त सभी केतार के अजय मेहता के बोलेरो से यूपी सारोदागा रिश्तेदार के घर बर्थ-डे पार्टी में सोमवार की शाम में गये हुए थे, वहां से पार्टी में शामिल होकर घर लौट रहे थे, कि बोलेरो के गति तेज होने के कारण से चंदना गांव के समीप बोलेरो पलट गयी।

# क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कैंप का उद्घाटन




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आज मंगलवार को समर कैंप का उद्घाटन जिला सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। पहले दिन की शुरूआत सफलतापूर्वक किया गया। जिसमें कैंप के कोच मेंटर प्रकाश मुंडा ने खिलाड़ियों को क्रिकेट की हर एक बारीकियों के बारे में तरीके से समझाया। इस अवसर पर उन्होंने क्रिकेट में छोटे-छोटे टारगेट को कैसे अचीव करते हैं इसके बारे में भी बताया। उन्होंने क्रिकेट के मनोविज्ञान के बारे में भी खिलाड़ियों को बताया तथा उन पर उनके साथ इन सब मुद्दों पर काफी विस्तार से चर्चा की। कैंप में पहले दिन लगभग 80 से ज्यादा स्थानीय खिलाड़ी शामिल हुए। सभी प्रकाश मुंडा से मिलकर काफी खुश थे। उन्होंने भविष्य की और देखते हुए प्रकाश को धन्यवाद दिया ।

# नियम को ताक पर रखकर पानी टंकी निर्माण के लिए हो रहा है बालू का उठाव

**एनजीटी लागू होने के बाद भी बेरोकटोक सोन नदी में पोकलेन लगा कर निर्माण कंपनी कर रहा बालू का उठाव**

**अरुण कुमार चौबे**



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के श्रीनगर गांव में बन रहे पानी टंकी निर्माण में सोन नदी से भरी मात्रा में बालू का धड़ल्ले से उठाव कर उपयोग किया जा रहा है। पानी टंकी निर्माण करा रही कंपनी को ना तो खनन विभाग से डर है और ना स्थानीय प्रशासन से। हद तो तब हो गयी जब बिना निबंधित घाट से मनमानी तरीके से एनजीटी लागू होने के बाद भी बेरोकटोक सोन नदी में पोकलेन लगा कर बालू का उठाव जारी है। सोन नदी किनारे निर्माण स्थल होने के कारण सोन नदी से अवैध तरीके से बालू उठाना आसान होता है। जिससे सरकारी नियमों का उलंघन और राजस्व का भारी नुकसान लगातार हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर बॉर्डर एरिया होने के कारण श्रीनगर गांव में जिला प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरा लगा दिया गया था। साथ ही पुलिस की अस्थाई कैंप भी बनाये गये थे। उस समय निर्माण स्थल पर सोन नदी से बालू का उठाव बंद हो गया था। लेकिन कुछ ही दिन बाद पानी टंकी के कर्मियों ने सीसीटीवी कैमरा से बचते हुए बालू उठाव करने के लिये निर्माण स्थल के उत्तर तरफ से अलग रास्ता बना कर बालू का उठाव अवैध तरीके से करना शुरू किया। वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने जब विरोध किया तो बालू उठाव बंद हो गया। बालू समाप्त होने पर निर्माण कार्य भी बंद कर दिया गया। अब मौके से पुलिस कैम्प और सीसीटीवी कैमरा हट जाने के बाद फिर से बालू का उठाव शुरू हो गया है। गौरतलब हो कि श्रीनगर गांव में झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा की ओर से जल जीवन मिशन के तहत कांडी प्रखंड के नौ पंचायत के 37 गांव के बारह हजार छह सौ सतासी घरों को नल से जल उपलब्ध कराने हेतु बानबे लाख लीटर की क्षमता वाली टंकी का निर्माण किया जा रहा है। कार्यान्वयन एजेंसी मैकमिलन एडीईडीजीई यूएसए जेवी की ओर से काम कराया जा रहा है। मामले में निर्माण कंपनी के कोई कर्मी कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।

मामले में पीएचडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मैटेरियल का व्यवस्था संवेदक की ओर से किया जाना है। चालान मुझे वैध घाट का चाहिए। उक्त मामले में पूछे जाने पे कांडी सीओ राकेश सहाय ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

# साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाये 83 हजार

**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी रहीम अंसारी के खाते से साइबर अपराधियों 83879 रपये उड़ा ले गये। भुक्तभोगी रहीम अंसारी ने बताया की 17 और 18 जून को उनके पंजाब नेशनल बैंक के खाते से साइबर अपराधियों ने पांच बार में 83 हजार 8 सौ 79 रू निकाल लिया है। रहीम ने बताया की पक्का का घर बनने के लिए मजदुरी कर राशी बैंक खाते में जमा किया था। भुक्तभोगी रहीम अंसारी ने केतार थाना में आवेदन देकर साइबर अपराधियों पर कारवाई करने और अपनी राशि वापस दिलाने की गुहार लगायी है।

# कक्षा 8 के विद्यार्थियों को मिली साइकिल

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड संसाधन केंद्र के अन्तर्गत उन्नति का पहिया योजना के तहत वितीय वर्ष 2023-24 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनदाग और उतक्रमित मध्य विद्यालय सोनपुरवा के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति जनजाति, पिछड़ा और अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल का वितरण। मौके पर प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंकज तिवारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष दूबे, बीस सूत्रि प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, सोनदाग मुखिया रिमा देवी, सीआरपी देवेंद्र नाथ उपाध्याय , सत्येंद्र कुशवाहा तथा दोनों विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय प्रसाद एवं नवीन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# यूक्रेन शांति सम्मेलन में भारत की स्वतंत्र नीति

स्विट्जरलैंड में हुआ अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन रूस-यूक्रेन युद्ध जल्द से जल्द समाप्त करने की इच्छा और जरूरत को रेखांकित करते हुए संपन्न हुआ। हालांकि सम्मेलन में शामिल भारत जैसे कई देशों के साझा बयान पर हस्ताक्षर न करने से यह स्पष्ट हो गया कि सम्मेलन की भावना चाहे जितनी भी नेक रही हो, शांति का लक्ष्य हासिल करने में अभी ढेरों व्यावहारिक दिक्कतें हैं। इस सम्मेलन में 90 से ज्यादा देशों का शामिल होना एक पॉजिटिव संकेत कहा जायेगा। इससे यह साफ होता है कि दुनिया का कितना बड़ा हिस्सा यूक्रेन में शांति स्थापित होने की जरूरत को कितनी शिद्दत से महसूस कर रहा है। मगर शांति स्थापित होने की इच्छा जताना एक बात है और शांति स्थापित हो जाना बिल्कुल अलग बात। ध्यान रहे यूक्रेन की पहल पर आयोजित इस शांति सम्मेलन में रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था। रूस इसे व्यर्थ की कवायद करार भी दे चुका है। ऐसे में सम्मेलन के साझा बयान में कही गई बातें सांकेतिक महत्व की ही मानी जायेंगी। व्यवहार में इनका कोई मतलब तभी हो सकता है, जब युद्ध में शामिल दोनों देश इसे स्वीकार करने पर सहमत हों। भारत ने अपने रुख के जरिए व्यवहार और सिद्धांत के इसी फर्क की ओर संकेत किया है। यह सम्मेलन हो या शांति की दिशा में किया गया इस तरह का कोई भी दूसरा प्रयास, उसकी अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे तमाम प्रयासों के पीछे काम कर रहे अलग-अलग विचारों, मतों और दृष्टिकोणों को समझने की कोशिश भी निरंतर जारी रहनी चाहिए। किसी तरह का हल या शांति का कोई फॉर्म्युला इसी प्रक्रिया से निकलेगा। भारत ने स्पष्ट किया कि सम्मेलन में शामिल होने के पीछे उसकी यही सोच थी। सम्मेलन में अपने रुख से भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि वह अपने राष्ट्रीय हितों पर आधारित स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति पर कायम है। गौर करने की बात है कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही चीन और भारत के रुख पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी रही हैं। चीन स्पष्ट तौर पर रूस के साथ खड़ा दिखता रहा है। लेकिन भारत ने साफ किया कि वह शांति का पक्षधर है। पीएम मोदी रूसी राष्ट्रपति पूतिन को भी साफ-साफ कह चुके हैं कि यह युद्ध का दौर नहीं है। इस बार भी जहां चीन सम्मेलन से दूर रहा, वहीं भारत ने बेहिचक सम्मेलन में शिरकत की, लेकिन स्पष्ट किया कि वह किसी भी एक पक्ष में खड़ा दिखने के बजाय दोनों युद्धरत देशों के बीच बातचीत और सहमति के प्रयासों को ज्यादा तवज्जो देता है।

**भारत ने स्पष्ट किया कि सम्मेलन में शामिल होने के पीछे उसकी यही सोच थी। सम्मेलन में अपने रुख से भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि वह अपने राष्ट्रीय हितों पर आधारित स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति पर कायम है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एनएचएम; स्वास्थ्य सेवा की अवसंरचना को मजबूत करने, मानव संसाधनों को बढ़ाने और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इसमें मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय और स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की कमी झेल रहे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाती है। ये प्रयास, सामूहिक रूप से जन स्वास्थ्य में सुधार और प्रत्येक नागरिक के लिए स्वास्थ्य सेवा सुलभ बनाने के प्रति भारत के समर्पण को दर्शाते हैं।**

# जन स्वास्थ्य प्रणाली में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवा का मानकीकरण

**डॉ जेएन श्रीवास्तव, डॉ के मदन गोपाल, डॉ स्वर्णिका पाल, डॉ अभय दहिया**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) एक महत्वपूर्ण पहल रही है, जिसका उद्देश्य व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवा तक सार्वभौमिक पहुंच हासिल करना है। एनएचएम; स्वास्थ्य सेवा की अवसंरचना को मजबूत करने, मानव संसाधनों को बढ़ाने और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इसमें मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय और स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की कमी झेल रहे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाती है। ये प्रयास, सामूहिक रूप से जन स्वास्थ्य में सुधार और प्रत्येक नागरिक के लिए स्वास्थ्य सेवा सुलभ बनाने के प्रति भारत के समर्पण को दर्शाते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से, भारत ने जनसंख्या स्थिरीकरण, मातृ, शिशु व बाल स्वास्थ्य और संचारी रोगों से संबंधित प्रमुख संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार किया है। भारत में ऐसे संकेतकों में गिरावट की औसत दर वैश्विक औसत से अधिक रही है, विशेष रूप से मातृ, शिशु और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर के मामले में। हालांकि, देश की स्वास्थ्य प्रणाली विभिन्न चुनौतियों का सामना करती रही है, जैसे बढ़ती आबादी और नयी बीमारियां, दी गयी नैदानिक स्थितियों के लिए देखभाल की परिवर्तनशीलता और उपयुक्तता तथा सेवाओं की गुणवत्ता आदि।

**स्वास्थ्य सेवा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने से असमानताओं का भी समाधान हुआ है।**

**स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करना और देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाना :** योजनाबद्ध कार्यक्रमों के बावजूद, जन स्वास्थ्य सुविधाओं के कम उपयोग, अनुचित और/या असुरक्षित उपचार, गलत निदान और अपमानजनक तरीके से सेवा देने आदि से संबंधित चुनौतियों के लिए खराब अवसंरचना, स्वास्थ्य कर्मियों के रूप में मानव संसाधनों (एचआरएच) की कमी और देखभाल की कम गुणवत्ता जैसे कारकों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। ये चुनौतियां; अप्रत्याशित, असामयिक मौतें, जिन्हें रोका जा सकता था, खराब स्वास्थ्य, व्यक्तियों पर वित्तीय बोझ और जन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के प्रति लोगों के विश्वास में कमी से सीधे जुड़ी हुई हैं। इन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने समय पर उपाय करने और चुनौतियों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनायी।

इस दिशा में विभिन्न उपायों में से एक है - संशोधित भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आइपीएचएस), 2022 के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में देखभाल के सभी स्तरों पर सुविधाओं से जुड़े मानकों का उन्नयन करना है, जो सभी जन स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के घटकों को बेहतर बनाने के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करता है। आईपीएचएस दिशानिर्देशों का एक महत्वपूर्ण पहलू है- आवश्यक (न्यूनतम) और हासिल करने योग्य (अपेक्षित) सेवाओं पर विशेष जोर। स्वास्थ्य सेवा की प्रत्येक सुविधा को न्यूनतम सेवाओं का एक सेट प्रदान करना आवश्यक है, ताकि भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित की जा सके। दिशा-निर्देश अवसंरचना, उपकरण, दवाओं, निदान, मानव संसाधन आदि के लिए मानक निर्दिष्ट करते हैं तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को योजना बनाने और सुसंगत एवं विश्वसनीय देखभाल सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं।

आइपीएचएस के प्रमुख लक्ष्य बहुआयामी हैं और स्वास्थ्य सेवा के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप हैं। आइपीएचएस समय पर देखभाल के दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्रों की स्थापना के लिए जनसंख्या मानदंडों को फिर से डिजाइन करके बेहतर पहुंच पर ध्यान केंद्रित करता है। यह रोगी को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्रों में भेजने के लिए एक निर्बाध प्रणाली स्थापित करने के लिए इनपुट भी प्रदान करता है। इसके अलावा, आइपीएचएस; स्वास्थ्य सेवाएं रोगी के अनुकूल होनी चाहिए और सम्मानजनक तरीके से प्रदान की जानी चाहिए तथा सभी पर वित्तीय बोझ कम पड़ना चाहिए आदि को सुनिश्चित करने की दिशा में भी इनपुट प्रदान करता है। आइपीएचएस द्वारा जन स्वास्थ्य सुविधाओं में देखभाल के प्रत्येक स्तर के लिए विनिदेशों का एक सेट प्रदान करने के साथ, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय अनुचित और असुरक्षित उपचार, छूटे हुए निदान आदि को रोकने तथा जन स्वास्थ्य संस्थानों में सम्मानजनक देखभाल प्रदान करने के लिए देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने की आवश्यकता को प्राथमिकता देता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) को यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन और कार्यान्वित किया गया है कि जन स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सेवाएं न केवल सुरक्षित और रोगी-केंद्रित हों, बल्कि गुणवत्ता का भरोसेमंद स्तर भी हो। यह पहल, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता को समझने, मापने और सुधारने से जुड़ी कमियों को दूर करने पर केंद्रित है।

जन स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा का प्रावधान एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो रोगी के परिणामों, सुरक्षा और समग्र रोगी संतुष्टि को प्रभावित करता है। यह समुदाय के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायता करता है, रोगी के अनुभवों को बढ़ाता है और देखभाल की लागत को कम करके सेवा प्रदाता के अनुभव में वृद्धि करता है।

जन स्वास्थ्य सुविधाओं में मानकीकृत सेवाओं की उपलब्धता का आश्वासन होने से जन स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ता है, जो आगंतुकों की बढ़ी हुई संख्या और सभी हितधारकों के साथ बेहतर संबंधों से पता चलता है। एनक्यूएएस कार्यान्वयन ने स्वास्थ्य सुविधाओं की विनियामक आवश्यकताओं और अग्नि सुरक्षा आदि से जुड़ी तैयारियों के अनुपालन को भी सुनिश्चित किया है।

स्वास्थ्य सेवा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने से असमानताओं का भी समाधान हुआ है और यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी रोगियों को, उनकी पृष्ठभूमि या परिस्थितियों की परवाह किये बिना, समान देखभाल मिले। यह स्वास्थ्य समानता और सामाजिक न्याय हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण है और सभी के लिए जीवन को आसान बनाने के सरकार के सिद्धांत के अनुरूप है।

हाल की महामारी से सीख लेते हुए और भविष्य की किसी भी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति की तैयारी करने के क्रम में, भारतीय जन स्वास्थ्य प्रणालियों की अवसंरचना को बड़े पैमाने पर समर्थन देने के लिए अखिल भारतीय मिशन, यानी प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआइएम) की शुरुआत हुई। अवसंरचना और निगरानी गतिविधियों पर मुख्य ध्यान दिया गया। लागत प्रभावी प्रयोगशाला प्रणालियों के माध्यम से सेवाओं की पहुंच, दक्षता, प्रभावशीलता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पीएम-एबीएचआइएम के तहत एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला (आइपीएचएल) को एक प्रमुख घटक के रूप में डिजाइन किया गया। ये प्रयोगशालाएं न केवल तेज, विश्वसनीय और सटीक परीक्षण परिणाम प्रदान करेंगी, बल्कि प्रभावी नैदानिक और निगरानी सेवाओं के लिए जिला व उप-जिला स्तर पर संपर्क भी स्थापित करेंगी, इस प्रकार एक सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण की दिशा में भारत के कदम को आगे बढ़ायेंगी।

देश में विशाल भौगोलिक एवं जनसांख्यिकीय विविधता और अलग-अलग क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों के साथ, भारत सरकार ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने का प्रयास जारी रखा है, जो सुरक्षित, प्रभावी, रोगी केंद्रित, समय पर उपलब्ध, कुशल और न्यायसंगत हैं।

संक्षेप में आइपीएचएस दिशानिर्देश परिवर्तन के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करते हैं, जो भविष्य के मार्ग को रोशन करते हैं, जहां स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक स्तर पर सेवा सुविधा देने के लिए आवश्यक विशिष्टताओं के एक निर्धारित सेट के साथ कार्य कर रहीं हैं। समान मानक निर्धारित करके और उनके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करके, आइपीएचएस का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ, किफायती और सम्मानजनक बनाना है, विशेष रूप से कमजोर और वंचित समुदायों के लिए।

समानांतर रूप से, जन स्वास्थ्य सुविधाओं में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा मिली है, जो सुरक्षित, प्रभावी और रोगी-केंद्रित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे स्वास्थ्य परिणाम बेहतर होगा, रोगी का अनुभव बेहतर होगा और अधिक कुशल जन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सुविधा प्राप्त होगी। ये परिवर्तनकारी पहल स्वास्थ्य परिणामों में सुधार, रोकथाम योग्य बीमारियों के बोझ को कम करने और सरकार की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर नये सिरे से विश्वास और निर्भरता को बढ़ावा देने का भरोसा देती हैं।

**(लेखकगण : डॉ जेएन श्रीवास्तव सलाहकार हैं और डॉ अभय दहिया गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा प्रभाग के विशेषज्ञ हैं; डॉ के मदन गोपाल सलाहकार हैं तथा डॉ स्वर्णिका और डॉ अर्पिता वरिष्ठ विशेषज्ञ जन स्वास्थ्य प्रशासन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के रूप में काम करती हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### डीजीपी ने पांच नक्सलियों को ढेर करनेवाली टीम को किया सम्मानित

# हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौट आयें नक्सली, वरना मारे जायेंगे: डीजीपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाइबासा।** जिले के गुवा और जेटेया थाना क्षेत्रों के लिपुंगा में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच सोमवार को हुई मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर हो गये थे। इस दौरान दो नक्सली गिरफ्तार भी किये गये थे। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को जवानों की हौसला अफजाई की। उन्होंने सुरक्षा बलों की पूरी टीम को चाइबासा पुलिस केंद्र में सम्मानित किया। चाइबासा पुलिस लाइन में आयोजित सम्मान समारोह में ऑपरेशन में शामिल सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस के अधिकारियों और जवानों को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया। अजय कुमार सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। चाइबासा में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाते हुए पांच को ढेर कर दिया और दो नक्सलियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। डीजीपी ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिला पूरे झारखंड का सबसे बड़ा जिला है। साथ ही सबसे बड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी है। ऐसे में इस तरह की उपलब्धि राज्य के लिए गौरव की बात है। सुरक्षा बलों ने दो वर्षों के ऑपरेशन के दौरान इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हथियार छोड कर मुख्यधारा में लौट आयें, वरना मारे जायेंगे। डीजीपी ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलता रहेगा। नक्सली या तो हिंसा का मार्ग, हथियार छोड़कर मुख्य धारा में शामिल हों अन्यथा ऐसे ही मारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के अति नक्सल प्रभावित जिलों में झारखंड का चाईबासा 12वां जिला है और झारखंड में पहला जिला है जो अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। जल्द ही सारंडा और इस जिले को नक्सली मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा। इस मौके पर चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर एवं जिला पुलिस के पदाधिकारी, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, सीआरपीएफ के डीआईजी एसके लिंडा, जोनल आईजी अखिलेश झा, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाठकर, झारखंड जगुआर डीआईजी इंद्रजीत महथा समेत वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरयू राय की पार्टी भाजमो झारखंड में बनायेगी तीसरा मोर्चा, नेताओं-कार्यकर्ताओं में भरा जोश



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजमो को थर्ड फ्रंट (तीसरे मोर्चा) के रूप में खड़ा किया जायेगा। 19 जून को रांची में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजमो की प्रदेश स्तरीय बैठक होगी। इसमें राज्य के अंतर्गत आनेवाली विभिन्न विधानसभा की सीटों पर चुनाव लड़ने पर विचार-विमर्श किया जायेगा। श्री राय सोमवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) जमशेदपुर महानगर की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बारीडीह स्थित विधानसभा कार्यालय में आयोजित बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वी विधानसभा के प्रत्येक मंडलों में बूथ प्रभारियों एवं भवन प्रभारियों से चर्चा की गयी। सभी भवन प्रभारियों को अपने भवन के अंतर्गत आने वाले बूथों की संरचना को मजबूत करने, प्रत्येक बूथ भ्रमण कर स्थानीय कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित करने का निर्देश दिया। एक बूथ में 10 और 10 से अधिक सक्रिय और सजग कार्यकर्ताओं की टोली बनाने का निर्देश दिया गया। श्री राय ने कहा कि चुनाव के लिए सबसे प्रमुख भवन है। पूर्वी विधानसभा अंतर्गत 120 भवन हैं। सभी पदाधिकारी मंडलवार भवनों पर ध्यान दें। कई भवनों में एक ही बूथ हैं, कहीं दो से तीन एवं चार बूथ है। जिला पदाधिकारी भवन पर ध्यान दें और भवन प्रभारी अपने बूथ को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करें। संगठन के सभी जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्षों को बूथों में प्रवास कर कार्यकर्ताओं से संवाद करने का निर्देश दिया गया। जुलाई और अगस्त तक 1,000 लोगों का एक सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। बैठक में कुलविंदर सिंह पन्नु, चंद्रशेखर राव, विकास गुप्ता, मंजू सिंह, अमित शर्मा, प्रकाश कोया, राजेश प्रसाद, वंदना नामता, आकाश शाह, सुधीर सिंह, काशीनाथ प्रधान, काकोली मुखर्जी, विजय नारायण सिंह, बिनोद राय, बिनोद यादव, जयप्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे।

## नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं का सहयोग आवश्यक: प्राचार्य



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज में मादक पदार्थों (नशा) के खिलाफ आठ दिवसीय अभियान प्रारंभ हो गया है। प्रथम दिन शिक्षक एवं छात्रों ने संकल्प लिया कि वे नशा मुक्त समाज के निर्माण में पूरा सहयोग करेंगे तथा वे स्वयं किसी भी किसी तरह का मादक पदार्थों यथा- गांजा, चरस, अफीम, हेरोइन, कोकिन, अल्कोहल आदि का उपयोग अपने जीवन में कभी नहीं करेंगे तथा अपने परिवार, मित्र एवं समुदाय के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। यह शपथ दिलाते हुए प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं का सहयोग आवश्यक है। नशा सेवन से उत्पन्न समस्याओं को युवा वर्ग अपने मित्रों एवं परिवार के लोगों को बताएंगे तो इसका समाज पर बहुत असर पड़ेगा। प्राचार्य डॉ चौधरी ने यह भी बताया कि स्वस्थ जीवन, खुशहाल परिवार एवं आदर्श समाज के निर्माण हेतु नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करें।

**निर्णायक मंडल गठित**

प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि इस आठ दिवसीय अभियान में कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार हेतु चयन के लिए पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया है। जिनमें प्रो इंदल पासवान, लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणिक, प्रो सोमा सिंह, डॉ कन्हाई बारीक और डॉ कंचन सिंहा को शामिल किया गया है। इससे पूर्व कार्यक्रम को प्रो सोमा सिंह, डॉ कन्हाई बारीक और डॉ कंचन सिंहा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो इंदल पासवान ने किया । धन्यवाद ज्ञापन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणिक ने किया। इस मौके पर प्रो मानिक मार्डी, डॉ सिंगों सोरेन, निरंजन महतो, सरयू पॉल, रुचि अस्मिता के अलावे काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# भाजपा ने भाजयुमो जमशेदपुर के मीडिया प्रभारी और आइटी सेल प्रभारी को निलंबित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने भाजयुमो जमशेदपुर के मीडिया प्रभारी मोंटी अग्रवाल एवं भाजयुमो आइटी सेल प्रभारी आशीष कुमार साहू द्वारा फेसबुक अकाउंट से संगठन एवं पार्टी के वरीय नेताओं पर लगातार की जा रही टिप्पणी को संज्ञान में लेते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा ने कड़े अनुशासन एवं पार्टी लाइन के तहत अब कार्रवाई करने का फैसला किया है। मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने पत्र जारी कर भाजयुमो के दोनों जिला पदाधिकारी को पदमुक्त करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। जारी पत्र में बताया गया कि विगत कुछ दिनों में आपके द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार संगठन एवं संगठन के वरीय नेताओं पर अनर्गल टिप्पणी करने का मामला संज्ञान में आया है। इस प्रकार सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से की गयी टिप्पणी से संगठन की छवि धूमिल हो रही है। पत्र में दोनों पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करते हुए निलंबित कर दिया गया है। वहीं, दोनों पदाधिकारियों को इस मामले में तीन दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण लिखित में देने को कहा गया है कि क्यों नहीं आपको पार्टी से निष्कासित कर दिया जाये। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है। अनुशासनहीनता के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है।

# नकटी झरिया के ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, सड़क बिजली और मूलभूत सुविधाएं बहाल करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत कोब्जा पंचायत के नकटी झरिया गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को आवेदन सौंपते हुए गांव में सड़क बिजली व मूलभूत सुविधा बहाल करने की मांग की है। उपायुक्त को दिए गए आवेदन में कहा नकटी झरिया गांव में आदिवासी समुदाय के 35 घर हैं।लेकिन आजादी के 77 वर्षों के बाद भी हमारा गांव सड़क बिजली व मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। आज भी ग्रामीण पगडंडी के सहारे पैदल बाजार पंचायत व प्रखंड जाते हैं। यहां तक के गांव में पेयजल की सुविधा भी नहीं है। पहाड़ों से गिरने वाले झरने का पानी कई सालों से पीने को ग्रामीण मजबूर हैं। सड़क नहीं रहने के कारण गर्भवती महिलाओं, बीमार मरीजों को खटिया या बहंगी में ढोकर ले जाना पड़ता है।

आगे बताया कि इस दौरान मरीजों की मृत्यु भी हो जाती है। गांव के अगल-बगल के सभी गांव में बिजली है लेकिन हमारे गांव में बिजली भी नहीं है। वही ग्रामीणों ने कोबजा रमजा पाट के पोखरा डीपा से नकटी झरिया सिमडे बॉर्डर सारूबेड़ा तक 5 किलोमीटर कालीकरण सड़क का निर्माण की मांग की है।



इस संबंध में आजाद सिपाही ने बीते 13 जून को विस्तृत खबर छापी थी। और इस खबर में नकटीझरिया के ग्रामीण के द्वारा की गई फरियाद को अखबार के माध्यम से उपायुक्त और संबंधित विभाग के पदाधिकारी तक पहुंचाने का प्रयास किया गया था। लेकिन इस खबर पर जिला प्रशासन की ओर से क्या कार्रवाई हुई इस बात की जानकारी अभी तक आजाद सिपाही की टीम को नहीं मिल सकी है। आजाद सिपाही की टीम ने नकटीझरिया पहुंच कर अपने फर्ज को निभाने का प्रयास किया। अब ग्रामीण खुद चलकर उपायुक्त के पास पहुंच रहे हैं जो आजाद सिपाही की खबर की पुष्टि कर रहे हैं। देखने वाली बात यह है कि इसके बाद जिला प्रशासन क्या कदम उठाता है, जिससे कि ग्रामीणों की मुश्किलों का हल निकल सके।

# बारिश से बच रही 12 वर्षीय नाबालिग को घर के अंदर कर किया दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाला घटना सामने आया है। यहां एक 12 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बच्ची 3:00 बजे के आसपास अपने घर से कुछ दूर आम चुनने गई थी तभी जोरदार बारिश होने लगी नाबालिक किशोरी बारिश से बचने के भागते हुए विजय किंडो के घर पर आकर बचने लगीं। इस दौरान विजय किंडो के घर में उसका 17 वर्षीय पुत्र विमल किंडो सिर्फ अकेला था इस दौरान नाबालिक किशोरी को ठग फुसला कर घर घुसा कर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। उसके बाद धमकी देते हुए कहा कि घटना के बारे में किसी को जानकारी मत देना। इसके बाद बच्ची रोते बिलखते घर पहुंची परिजन घर छराने का काम कर रहे थे घटना की जानकारी मिलते हैं काम छोड़ वह लोग पहुंचे तो बेटी ने पूरे मामले की जानकारी दी। पटना की जानकारी पूरे गांव में फैली इस संबंध में गांव में मीटिंग में मीटिंग भी बैठाया गया। मगर ग्रामीणों ने इस मीटिंग में कोई भी न्यायिक फैसला नहीं लिया। इसके बाद परिजन न्याय की गुहार लगाने चैनपुर थाना पहुंचे। पीड़िता की मां ने थाने में लिखित आवेदन देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। आरोपी मौके से फरार हो गया है। वहीं चैनपुर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है मगर पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

# नींद से जागी नगर परिषद, फिर से चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर परिषद द्वारा एक बार फिर शहरी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर अभियान चलाया गया। इस आभियान के तहत नगर परिषद के प्रशासक अपने सहकर्मियों के साथ स्वयं शहर भ्रमण के लिए निकले और सड़क के किनारे अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों को समझाया और चेतावनी देते हुए छोड़ दिया। प्रशासक ने लोगों को समझाया कि शहर के प्रमुख मार्गो में दोनों तरफ स्थित दुकानों के दुकानदार दुकान के सामग्रियों को निकालकर आगे रख देने से सड़क संकीर्ण हो जाती है जिससे आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती है। साथ ही कभी भी किसी घटना दुर्घटना होने की आशंका लगी रहती है। इसलिए शहर की सड़कों के दोनों ओर अतिक्रमण किए गए दुकानदारों से उन्होंने अपील की कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में नगर परिषद का सहयोग करें। इधर सब्जी मार्केट पहुंचकर उन्होंने सब्जी मंडी के दुकानदारों से साफ सफाई रखने का निर्देश दिया। जशपुर रोड में सड़क के किनारे लगाए गए सब्जी के दुकानों के मालिकों से को समझाया कि सब्जी दूकान सड़क किनारे ना लगाएं। सब्जी की दुकान सब्जी मार्केट के अंदर ही लगाएं, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा कि कल से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रतिदिन निकला जायेगा। समझाने के बावजूद अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को मोटी रकम फाइन स्वरूप काटा जाएगा। यहां बताते चलें कि नगर परिषद के पूर्व प्रशासक संजय कुमार ने टंगरा मार्केट को सुसज्जित करते हुए सभी सब्जी दुकानदारों को मार्किट के अंदर शिफ्ट करा दिया था। उस समय जशपुर रोड सब्जी दुकानदारों के अतिक्रमण से पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त हो गया था। उनके जाने के बाद धीरे-धीरे फिर सब्जी दुकानदारों ने जशपुर रोड पर जाकर सब्जी की दुकान लगाना शुरू कर दिया। एक-एक कर वहां पर दुकानों की संख्या बढ़ने लगी और फिर से पहले की तरह ही दृश्य वहां पर नजर आने लगा। इस अतिक्रमण मुक्ति की शुरूआत पालकोट रोड नगर परिषद कार्यालय से सिसई रोड से शुरू किया गया। जो सिसई रोड के पोद्दार धर्मशाला तक पहुंचा। फिर टावर चौक से मेंन रोड होते हुए जशपुर रोड तक चलाया गया।

# लोन देने के नाम पर एमएसएम माइक्रो फाइनेंस कंपनी ने महिलाओं से ठगे लाखों रुपये

**महिलाओं ने गुमला थाना पहुंचकर की शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में लोन देने के नाम पर सैकडों महिलाओं से लाखों रुपए ठगी कर एमएसएम माइक्रो फाइनेंस कंपनी के लोग रातों रात अपना बोरिया बिस्तर उठाकर जिले से फरार हो गये। कंपनी के द्वारा गुमला शहर के सरना टोली में एक किराए के मकान पर कार्यालय खोला गया था। मंगलवार को महिला समूह के महिलाओं को लोन की राशि लेने के लिए सरना टोली बुलाया था। जब महिलाएं सरना टोली पहुंची तो देखा आफिस बंद है। जिसके बाद महिलाएं एकजुट होकर गुमला थाना पहुंची और एमएसएम माइक्रो फाइनेंस कंपनी पर ठगी करने की लिखित शिकायत की। महिलाओं ने बताया कि कंपनी के लोग उनके पास आये और कहा कि आप लोग लोन लेना चाहते हैं तो महिलाओं ने लोन लेने की बात कही। जिसके बाद कंपनी के सदस्यों ने बताया कि उन्हें 65 हजार रूपया लोन दिया जाएगा। जिसमें सूद नहीं लगेगा। जिसके लिए महिलाओं को तीन हजार पचास रूपया खाता खोलने के लिए देना पडेगा। महिलाओं ने बिना कुछ सोचे समझे लोन के चक्कर में तीन हजार रुपए विभिन्न माध्यमों से कंपनी को भुगतान कर दिया। मंगलवार को कंपनी के द्वारा उन्हें पैसे लेने के लिए सरना टोली आफिस बुलाया गया था। कंपनी के सदस्यों के द्वारा गुमला सदर प्रखंड के टोटो, बसुवा, डुमरडीह, अंबवा, छोटा खटंगा, सिसई प्रखंड के छारदा, बघनी, घाघरा प्रखंड, बसिया व विशुनपुर प्रखंड में बड़ी संख्या में महिलाओं को लेन देने के नाम पर पैसे ऐंठे हैं। जबकि एक भी महिला समूह को लोन की राशि नहीं मिली। इतना बड़ा खेल लोन देने के नाम पर हो गया और इसकी जानकारी कंपनी के भागने के बाद पता चला। एमएसएम माइक्रो फाइनेंस कंपनी में ठगी करने वालों में बिहार के सहरसा निवासी सुमन कुमार सिंह, राहुल कुमार, दिलखुश कुमार सहित कई लोग शामिल हैं।

# घाघरा ब्लॉक परिसर में तीन पंचायत के 11 लाभुकों के बीच बकरी बकरा यूनिट का वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पशुपालन विभाग द्वारा घाघरा ब्लॉक परिसर में तीन पंचायत के 11 लाभुकों के बीच बकरी बकरा यूनिट का वितरण प्रखंड प्रमुख सविता देवी मंगलवार को दिन के 2 बजे किया गया। इस क्रम में नवडीहा, सरांगों, सेहल पंचायत के 11 लाभुकों के बीच चार बकरी एक बकरा का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि बकरी पालन से लाभुक आत्मनिर्भर बनेंगे। आर्थिक स्थिति उनकी मजबूत होगी। सरकार के द्वारा अनुदान में दी जा रही उक्त बकरी पालन का आप समुचित लाभ उठाएं। वही पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का ने बताया कि सरकार के 10% अनुदान जमा के साथ उक्त बकरी पालन का लाभ लाभुकों को दिया जाता है। इसके साथ ही कई दवा का भी वितरण किया गया।मौके पर अकास चिक बड़ाइक, हीरो देवी, गंदू देवी, ममता देवी सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

# प्रखंड मुख्यालय के मिशन चौक के समीप ग्रामीणों की बैठक



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के मिशन चौक के समीप ग्रामीणों ने बैठक किया। एन एच 23 गुमला पलमा फोरलेन सड़क निर्माण के विरुद्ध में। ग्रामीणों का कहना है कि 2 किलोमीटर के बीच में ब्लॉक चौक में ही सिर्फ एक क्रोसिग दिया गया है और कहीं पर भी क्रॉसिंग नहीं दिया गया है जिसके वजह से ग्रामीणों को, मवेशियों को खेती-बड़ी करने वाले किसानों को, विद्यार्थी को, आवागमन में भारी परेशानी होगी. क्योंकि अभी जो क्रॉसिंग दिया गया है वह कुसुम्बाहा मोड में है ब्लॉक चौक से 3 किलोमीटर दूरी है।वही मौके पर ग्रामीणों ने कहा भरनो ब्लॉक चौक से मिशन चौक तक घनी आबादी है और दोनों तरफ में मकान एवं दुकान है वह लोग कहां से निकलेंगे बीच में क्रॉसिंग नहीं दिया तो हम सड़क निर्माण का विरोध करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से रतिया उरांव, बिरसा उरांव, एतवा उराव, जुगल उराव,सरोज महतो, जॉनसन बड़ा, शिव केसरी एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# थानेदार पर ग्रामीण की पिटाई का आरोप, जांच करने पहुंची एसडीपीओ

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कुरूमगढ़ थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीण नरेंद्र सिंह की पिटाई करने के आरोप पर एसपी ने जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में चैनपुर एसडीपीओ अमृता लकड़ा घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहन जांच पड़ताल कर रही है। एसडीपीओ से पूछने पर उन्होंने बताया कि यह मामला बहुत पुराना और जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। हालांकि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हो गये हैं कि अंचल कार्यालय से सीमांकन के बाद भूमि के स्वामित्व का फैसला किया जाएगा। जिस भूमि पर नरेंद्र कुमार सिंह अबूआ आवास के तहत मिले आवास का निर्माण कर रहे हैं उसे पर पूर्व में भी सीमांकन का प्रयास कराया गया था। एसडीपीओ ने कहा कि दोनों पक्ष आपस में मारपीट कर रहे थे।

# बेटे ने अपनी मां की लाठी डंडे से मारकर की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** थाना क्षेत्र के थाना टोली में सोमवार की रात बेटे ने अपनी मां की लाठी डंडे से मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि सोमवार की रात्रि में बुधमनी उर्फ बेनामी देवी (45), बेटा पंकज उरांव (23) व बेटी मोनिका कुमारी के बीच घर में खाना खाने के पूर्व किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसी दौरान पंकज अपने बहन को मारने के लिए दौड़ाया तो मां बेटी डर से घर से भाग गए। कुछ देर बाद मोनिका अपनी मां को घर पहुंचाकर दूसरे के घर में रात में सोने के लिए चली गई। रात में पंकज ने अपनी मां बुधमनी के साथ लाठी-डंडे से पीटकर और गला दबा कर हत्या कर दुसरे कमरे में सोने चला गया। मंगलवार सुबह मोनिका घर गई तो उसकी मां अचेतावस्था पड़ा देख चिल्लाने लगी, और आस पड़ोस के लोगों को इसकी सूचना दी। लोगों ने आकर देखा की उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है और पंकज घर में ही सोया हुआ है। ग्रामीणों ने पंकज के कमरे को बाहर से ताला लगाकर सिसई थाना को सूचना दी। सिसई पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर हत्यारे बेटे पंकज उरांव को गिरफ्तार कर सिसई के थाना ले गई वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए के लिए गुमला भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बुधमनी देवी के पति का मौत बीते 10 वर्ष पूर्व हो चुका है। वो मजदूरी कर अपने चार बच्चों का भरण पोषण करती थी। पंकज उसका बड़ा बेटा है। वह 15 दिन पुर्व ही ईट्ट भट्टा से घर लौटा था और दिन भर गांजा व शराब के नशे में रहता था,और अक्सर अपनी मां के साथ झगड़ा किया करता था।

इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि पंकज नशेड़ी है, उसने हाथापाई व लाठी से मार कर हत्या की है। पंकज को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं पंकज के दोस्त प्रवीण उरांव को भी हिरासत लिया गया है। हत्या के कारणों को लेकर दोनों से पुछताछ की जा रही है।

# श्री साईं बाबा के स्वर्ण रथ का ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा श्री सत्य साइ बाबा स्वर्ण रथ का शोभायात्रा सिकारियांडार के दीपा टोली पत्रा टोली बाजार टोली केराटोली आदि गांव में भगवान का स्वर्ण रथ का भव्य स्वागत एवं दर्शन किया । पिथरा पंचायत के ग्राम नवा टोली भंडार टोली एवं जितिया टोली में भगवान बाबा के रथ का भव्य शोभायात्रा निकाला दर्शन पूजन किया गया ।जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु गण भाग लिए एवं पत्रा टोली में भजन सत्संग का भी आयोजन किया गया सत्संग के पश्चात महामंगल आरती के साथ महाप्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भगवान बाबा के संदेशों के बारे में श्री सत्य साइ सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष गणपति बडाईक ने भगवान बाबा के संदेशों के बारे में बताया । उन्होंने बताया कि मानव कल्याण एवं सेवा भाव को जागृत कर जगत का उद्धार करना रथ यात्रा का परम उद्देश्य है भगवान श्री सत्य साइ बाबा ने अपना जीवन मानव सेवा में ही समर्पित किए हैं उनका कहना है कि जाती केवल एक है मानवता की जाति धर्म केवल एक है प्रेम का धर्म और भाषा केवल एक है हृदय की भाषा एवं भगवान केवल एक है जो सर्वव्यापी है। संगठन के आध्यात्मिक समन्वयक सुरेश चौधरी ने कहा कि हम लोगों को अपना भेदभाव उच्च नीच सारे दुगुर्णो को बुलाकर मानवता का धर्म निभाना चाहिए एवं सभी से प्रेम करना चाहिए जीव मात्र पर दया करनी चाहिए। विश्व का कल्याण के लिए भगवान से निश्चित रूप से प्रार्थना करना चाहिए इसी में सारे विश्व का कल्याण निहित है ।

# हवाई जहाज से रांची पहुंचा मजदूर का शव

**मजदूर संघ सीएफटीयूआइ के निरंतर प्रयास से कंपनी ने किया शव भेजने में सहयोग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला के डुमरी प्रखंड अंर्तगत करमदौन के मजदुर की मौत गोवा के पंजी में संदेहास्पद स्थिति में हो गई। घटना दो दिन पूर्व की बताई जा रही है। मृतक मजदूर का नाम खिरितोफर मिंज है। उसकी उम्र लगभग 33साल बताई जा रही है। इसकी जानकारी दो दिन पुर्व फोन के द्वारा मजदुर संघ सीएफटीयुआई के झारखंड प्रदेश सचिव जुम्मन खान को दी गई थी। जिसके बाद जुम्मन खान ने कंपनी के पदाधिकारियों से लगातार वार्ता कर शव को गांव तक मंगाने का रास्ता प्रशस्त किया। कंपनी ने मृतक मजदूर का शव को हवाई जहाज के माध्यम से रांची भेजा। जिसके बाद एंबुलेंस से मृतक मजदूर का शव उसके गांव करमदौन पहुंचा। शव जैसे ही गांव पहुंचा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मृतक मजदूर गौवा के पंजी में काफी दिनों से मजदूरी का काम करता था। वह घर का एकलौता कमाने वाला था। मृतक मजदूर खीस्तोफर मिंज के मौत होने से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। मंगलवार को मजदूर का अंतिम संस्कार किया गया । इधर लगातार गुमला जिला के मजदूरों की मौत बाहरी प्रदेशों में होने पर मजदूर संघ सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यहां से सब सही सलामत दुसरे राज्यों में मजदूरी करने जाते हैं लेकिन वहां जाने के बाद अचानक मजदुरों का मौत हो जाना बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है। इस पर राज्य सरकार वा केंद्र सरकार सहित गुमला जिला प्रशासन को कोई ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

# महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।सिमडेगा ब्लॉक के समीप महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर, श्रंद्धाजलि अर्पित किया गया। श्रंद्धाजलि अर्पित करने में मुख्य रूप से उपस्थित, कार्यक्रम के संयोजक अनुप केसरी, सह संयोजक भाजयुमो जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह, श्रद्धानंद बेसरा , रामबिलास बड़ाईक, अनुप प्रसाद, राकेश रविकांत, दिपनरायण दास, विद्या बड़ाईक, करण सिंह, मनोज केसरी, सावित्री देवी, पिंकी प्रसाद, नंदनी दास, कंचन सिंह रुनी कुमारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# 56 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना मुख्यालय के शनिचर टोली में एक 56 वर्षीय महिला फूलों देवी पति बिरसा उराँव द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया। प्राप्त सूचना के अनुसार लगभग 56 वर्षीय महिला फूलो देवी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी सूचना प्राप्त होने पर बसिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया।पुलिस ने यूडी के तहत मामला दर्ज कर आत्महत्या के कारणों का पता करने में जुट गयी।

# साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में पड़े 50 से अधिक आवेदन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** साप्ताहित जन शिकायत दिवस में जिले के दूर दराज से लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने आकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात की। दिव्यांग बेटी सरोज बरला को रोजगार संवर्धन के लिए मिली सहायता। इसी क्रम में पिछले माह जन शिकायत दिवस में उपायुक्त से मिलने बसिया प्रखंड की दिव्यांग बेटी सरोज बरला ने अपने रोजगार संवर्धन के लिए उपायुक्त से सहायता की मांग की थी। उन्होंने सिलाई करने की ट्रेनिंग ली थी एवं वह स्वयं दिव्यांग होते हुए भी अन्य महिलाओं को रोजगार करने के लिए प्रेरित करती हैं एवं उन्हें भी सिलाई करना सिखाती है, सरोज की प्रतिभा एवं कुछ करने की इच्छा को देखते हुए आज मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के सहयोग से सरोज को 3 सिलाई मशीन टेबल के साथ प्रदान किया गया। सरोज बरला कहती हैं कि उन्हें 1 माह में ही उपायुक्त से सहायता मिल गई जिसके लिए वे बेहद खुश है उन्होंने उपायुक्त द्वारा किए गए इस सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया। सरोज कहती है कि वह इस मशीन से अपने संस्था को विस्तारित रूप देंगी एवं और भी महिलाओं को सिलाई करना सिखाएंगी एवं अपने साथ साथ अन्य महिलाओं को भी रोजगार करने हेतु प्रेरित करेंगी।

# प्रतिबंधित मांस मिलने पर दो पक्षों में तनाव

## संयम बरतें, अफवाहों से बचें: विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी के पीपरांटांड़ थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित मांस फेंके जाने को लेकर तनाव उत्पन्न हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पांकी व पीपराटांड़ पुलिस के अलावे सीआरपीएफ की एक कंपनी को बहेरा में तैनात किया गया है। लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा के अलावे पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी व पीपराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह लगातार फ्लैग मार्च करते रहे। स्थानीय लोगों की मानें तो मंगलवार की सुबह मनोज मिश्रा के पशु शेड में सुबह मांस फेंका हुआ पाया गया। नजदीक से देखने पर वह प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा निकला। इसके बाद पुलिस ने दो लोगों को शक के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इसके कुछ देर बाद मस्जिद के समीप एक गड्ढे से बोरे में भरकर फेंका गया प्रतिबंधित पशु का अवशेष मिला। पुलिस ने मामले को सुलझाने को लेकर पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। दोपहर बाद ग्रामीणों को एक महिला द्वारा आहर के बांध पर पलाश की झाड़ियों में कुछ रखकर भागते हुए देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। समीप जाने पर दो झोले में रखे प्रतिबंधित मांस बरामद हुए। मनोज मिश्रा ने कहा कि मेरे पशु शेड में गोवंशीय पशु का मांस फेंकना निंदनीय व दुखद है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौशाला व कुएं से बरामद मांस व हड्डियों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता मंगलवार को पांकी के नौडीहा बहेरा में प्रतिबंधित मांस फेंके जाने से उत्पन्न तनाव की सूचना पर बहेरा गांव पहुंचे। लोगों से संवाद कर प्रशासनिक कार्रवाई होने तक लोगों को संयम बरतने और अफवाहों से बचने की सलाह दी। विधायक ने कहा कि पांकी के पीपराटांड़ थाना क्षेत्र के नौडीहा-बहेरा गांव में सनातनी हिंदू परिवार मनोज मिश्रा के घर में गोवंशीय मांस फेंक कर सांप्रदायिक साहौर्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौहत्या भारत में निषेध है। गौ हत्या में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो। 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। इस मामले को लेकर उन्होंने पलामू डीसी व एसपी से भी मुलाकात करने की बात कही।

### इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच के अवसर पर कार्यशाला आयोजित

# शब्दों में विष घोलना सभ्य समाज के लिए घातक: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच के अवसर पर मंगलवार को सूचना भवन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डीसी शशि रंजन, और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार के अलावा व कई वरिष्ठ पत्रकारों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि यह विषय इतना महत्वपूर्ण है कि इसके बारे में बच्चों को अवगत कराना बेहद आवश्यक है। अगर हम बच्चों को छोटे उम्र से ही हेट स्पीच के बारे में बतायेंगे तो बड़े होकर वे इस विषय से दूर रहेंगें। कहा कि घृणास्पद भाषण लोकतंत्र के सिद्धांत को खतरे में डालते हैं, जो लोकतांत्रिक देश में सामाजिक व्यवस्था को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि घृणा और पूर्वाग्रह




कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीसी शशि रंजन और अन्य

कभी-कभी व्यक्तियों या समूहों के 'धर्म, जाति, रंग और जातीय मूल' या 'दिव्यांगता और बुढ़ापे' के आधार पर उत्पन्न हो सकते हैं और दैनिक जीवन में हिंसा के विभिन्न रूपों में बदल सकते हैं जो कहीं से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हेट स्पीच विभिन्न माध्यमों से फैलता है या यूं कहे फैलाया जाता है। इसे रोकना हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है। हमारे संविधान के मुताबिक भी हम किसी के प्रति हेट स्पीच नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि शब्दों में विष घोलना अच्छे समाज के लिये घातक है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आप सभी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। ऐसे में हेट स्पीच को खत्म करने में आप सब की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने हेट स्पीच के विषय पर प्रकाश डाला और इसके इतिहास, इसकी उत्पत्ति और वर्तमान में इसकी महत्ता व भविष्य में यह कितना महत्वपूर्ण विषय है आदि बिंदुओं पर विशेष प्रकाश डाला। बताया कि तीन साल पहले जुलाई 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 'नफरत फैलाने वाले भाषणों का मुकाबला करने में अंतर-धार्मिक और अंतर-सांस्कृतिक संवाद और सहिष्णुता को बढ़ावा देने' का प्रस्ताव पारित किया था। दूसरी ओर, कार्यशाला में मेदिनीनगर के वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद फैयाज अहमद ने कहा कि हेट (नफरत) का उलटा शब्द लव (प्यार) होता है। उन्होंने हेट स्पीच नहीं, बल्कि लव स्पीच के प्रसार करने की बात कही। वहीं, प्रेम प्रकाश ने कहा कि भारतीय संविधान में भी आपस में भाईचारगी निभाने की बात कही गयी है। संजय पांडे, नागेंद्र शर्मा, संजय सिंह उमेश आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अजित कुमार तिवारी ने किया।

# चिनीगिया आहर को भर कर आबादगंज को ड्राइजोन बनाने का प्रयास : आशीष



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आबादगंज शहर का सबसे पुराना ड्राइजोन एरिया इसी लिए ही है, क्यूंकि यहां का सबसे पुराना जलश्रोत चिनीगिया आहर के अस्तित्व को खत्म कर दिया गया। निजी स्वार्थ के लिए इस आहर को भरकर शहर के सबसे पुराने मोहल्ले को प्यासा रहने पर मजबूर कर दिया गया है। हालात ऐसे ही बिगड़ते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब पूरा मोहल्ला पलायन करने को मजबूर हो जाएगा। आबादगंज के इस पुराने तालाब को पुर्नजीवित करने की जरूरत है। उक्त बातें आशीष भारद्वाज ने कही। पानी यात्रा के सातवें दिन युवाओं की टोली आबादगंज क्षेत्र का भ्रमण कर रही थी। इस दौरान आशीष भारद्वाज ने कहा कि यह क्षेत्र कई वर्षों से पेयजल समस्या से घिरा है, लेकिन जिला प्रशासन की लापरवाही व निष्क्रियता से आज तक निराकरण नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि 'पानी यात्रा' को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। पानी यात्रा का उद्देश्य कोई राजनीति नहीं है। इसमें शामिल युवा अपने-अपने रोजगार में व्यस्त रहने के बावजूद सुबह के चार-पांच घंटा सामाजिक कार्यकर्ता के रुप में काम कर रहे हैं। कहा कि हमें अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी। यह शहर हमारा है। जहां तक बनेगा हम अपने परिवार, शहर के लिए लड़ेंगे। इस दिन पानी यात्रा में मुकेश तिवारी, रवि शर्मा, शैलेश तिवारी, बबलू चावला, साहेब जी नामधारी, संदीप प्रसाद आदि शामिल थे।

# दुकान में घुसकर दुकानदार से मारपीट, दुकानें बंद रखकर आरोपितों को गिरफ्तार करने की उठी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** नौडीहा बाजार में स्थित मुस्कान हार्डवेयर नामक दुकान के संचालक मनोज कुमार गुप्ता के पुत्र अमित कुमार पर कथित रूप से रोशन सिंह नामक व्यक्ति द्वारा दुकान में घुसकर मारपीट की गयी। दुकान में लगे सिसिटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड होने और उसके वायरल होने के बाद नौडीहा बाजार में दुकानदारों ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। मुस्कान हार्डवेयर के संचालक ने छतरपुर डीएसपी व नौडीहा थाने में आवेदन देकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। मुस्कान हार्डवेयर के दुकानदार अमित कुमार ने आरोप लगाया कि रोशन सिंह से उधार के पैसे मांगने पर वह भड़क गये और 10 से 15 लोगों के साथ दुकान में आकर मारपीट की। गले से सोना का चेन भी छिन लिया है। इतना ही नहीं, बाप-बेटे को गोली मारने की धमकी भी दी है। पूरी घटना सिसिटीवी में कैद है। जिसे साक्ष्य के रुप में पुलिस को सौंप दिया हूं। मारपीट व गली-गलौज की घटना 14 जून को हुई है। इसके चार दिन गुजरने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर मंगलवार को बाजार के सभी दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन करते हुए रोशन सिंह और धीरज सिंह को गिरफ्तार करने की मांग की। जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों की तरफ से थाना में प्राथमिक दर्ज कराई गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में जो तथ्य सही होगा उसपर कार्रवाई होगी। दूसरी ओर, रोशन सिंह ने बताया कि मुस्कान हार्डवेयर के मालिक को बोरिंग मशीन खरीदने के लिए पांच लाख रुपया का चेक दिया था। उनके बीच लगभग पांच साल से लेन-देन होता रहता था। हिसाब मांगने पर दुकानदार टाल मटोल कर रहा था। उक्त दुकानदार से सेनेटरी का समान खरीदा था जिसका 20 हजार रुपये की जगह गलती से 30 हजार रुपया उसे दे दिया। रोशन ने कहा कि उन्होंने सोने की चेन नहीं छीनी है। ना ही जान से मारने की धमकी ही दी है। उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं।

# विश्रामपुर प्रखंड की केतात कला पंचायत में अनियमितता की भेंट चढ़ी जल नल योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के केतात कला पंचायत में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल नल संवेदक की लापरवाही के कारण अनियमितता की भेंट चढ़ गया। संवेदक द्वारा सारे नियम कानून को धता बताकर कार्य किया जा रहा है। आपूर्ति के लिए बिछाई जाने वाली पाइप लाइन और बोरिंग के लिए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से कोई संपर्क नहीं किया जा रहा है। संवेदक द्वारा जैसे-तैसे कार्य को गति दी गई। मनमानी तरीके से स्थल चयन करते हुए बोरिंग भी महज 200



फीट तक अधिकतर जगहों पर किया गया। कहीं-कहीं दबाव बनाने पर 300 फीट तक बोरिंग की गयी। पंसस रीना चौबे और सामाजिक कार्यकर्ता नवीन कुमार चौबे ने कहा कि 6-6 घरों के बीच में दो-दो जल मीनार लगाया गया है। कहीं-कहीं 20 से 25 घरों के बीच में भी जल मीनार नहीं लगा है। लगाने के साथ ही कहीं-कहीं पाइप फट जा रही है। गांव में कई जगह पुराने बोर में जल मीनार अधिष्ठापित किया गया है। ऐसे में पुराने बोर से जल 20 से 25 घरों में कैसे जा पाएगा। जल शक्ति मंत्रालय के पोर्टल पर दिखाया जा रहा है कि जल 447 घरों में पहुंचा दिया गया है, लेकिन सच्चाई इसकी विपरीत है।

# मृतक के घर पहुंचकर भाजपा नेता ने जताया शोक




**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)** प्रखंड के ग्राम डेवडर नावाडीह में वीरेंद्र सिंह के भाई रामजीत सिंह का आकस्मिक निधन हो गया था। जिसकी सूचना मिलते ही भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उनके घर पहुंचे और श्रद्धा सुमन अर्पित किया। लगे हाथ ग्राम डेवडर निवासी फुटुकन रजवान के घर पहुंचे और परिवारजनों को आर्थिक सहयोग किया।

# वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान को 104 रनों से हराया

## पूरन ने एक ओवर में 36 रन ठोक की युवराज सिंह की बराबरी, शतक से चूके

**ग्रॉस आइलेट (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच मंगलवार को ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला खेला गया। इस मैच में वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने विस्फोटक प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम के खिलाफ 98 रनों की दमदार पारी खेली। हालांकि, वह नर्वस 90 का शिकार होते हुए शतक बनाने से चूक गए। इसके अलावा उन्होंने एक ओवर में 36 रन बनाकर भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह की बराबरी कर ली है। बतातें चलें कि टी-20 विश्व कप 2024 का 40वां मैच डैरन सैमी राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। जिसमें निकोलस पूरन की 98 रनों की दमदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 218 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 16.2 ओवर में 114 रनों पर




ऑलआउट हो गई। इब्राहिम जादरान (38) के अलावा उनका कोई बल्लेबाज नहीं चला। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने यह मुकाबला 104 रन से जीत लिया। इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान को पहली शिकस्त मिली।

### नर्वस 90 का शिकार हुए पूरन, छलका दर्द

इस मैच में निकोलस पूरन ने 53 गेंदों का सामना किया और 98 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से छह चौके और आठ छक्के निकले। वहीं, उनका स्ट्राइक रेट 184.90 का रहा। पूरन 20वें ओवर की चौथी गेंद पर रनआउट हो गए। उमरजई ने उन्हें डॉयरेक्ट हिट के जरिए रनआउट कर दिया। मुकाबले के बाद 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि आप 97 (98) रन पर रन आउट नहीं होना चाहते, लेकिन यह सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने की एक पहल थी। मैंने शुरू में ही परिस्थितियों का आकलन कर लिया था। हमने पावरप्ले में अच्छी शुरूआत की थी। मुझे बीच ओवरों में अफगानिस्तान के स्पिनरों की गेंदबाजी के साथ जिम्मेदारी लेनी थी। मुझे लगा कि यह मेरी रात थी और मैं इसे आगे बढ़ा सकता था। वहीं, पूरन ने अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय रदरफोर्ड को दिया। उन्होंने कहा कि जब गेंद थोड़ी धीमी और स्पिन हो रही हो तो उस पर प्रहार करना मुश्किल होता है। लेकिन जब आपको इस तरह का अच्छा विकेट मिलता है, तो आपको इसका फायदा उठाना चाहिए। परिस्थितियों का मजा लेना चाहिए। यह आज की बात नहीं है, इसकी शुरूआत 12-14 महीने पहले हुई थी। हम एक टीम के रूप में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पिछले गेम में रदरफोर्ड ने मौके का फायदा उठाया और शानदार खेल दिखाया। उन्होंने हमें प्रेरित किया।

### युवराज की बराबरी की

पूरन ने आक्रामक बल्लेबाजी के साथ युवराज सिंह की बराबरी कर ली है। दरअसल, युवराज सिंह ने साल 2007 में स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। अब पूरन ने अफगानिस्तान के करीम जनत के खिलाफ एक ओवर में 36 रन बनाए। इस लिस्ट में युवराज के अलावा रोहित शर्मा और रिंकू सिंह भी शामिल हैं।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956 Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

शुद्धि–पत्र

पत्रांक–347 लातेहार, दिनांक–13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/Latehar/F2-23/2023-24 जिसका PR No. 325928 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

(1) e–निविदा खुलने की तिथि एवं समय–11.07.2024 अपराह्न 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO. 326680 Water Resource(24-25):D

कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

शुद्धि–पत्र

पत्रांक–345 लातेहार,दिनांक–13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/Latehar/F2-21/2023-24 जिसका PR No. 325940 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

(1) e–निविदा खुलने की तिथि एवं समय–11.07.2024 अपराह्न 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 326677 Water Resource(24-25).D

कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

शुद्धि–पत्र

पत्रांक–343 लातेहार,दिनांक–13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/Latehar/F2-18/2023-24 (IInd call) जिना PR No. 325946 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

(1) e–निविदा खुलने की तिथि एवं समय–11.07.2024 अपराह्न 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 326674 Water Resource(24-25)#D

कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ................................/ दिनांक ................................/

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.05.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर सिसई भरनो पथ पर ग्राम जुरा थाना भरनो के पास से 08 पीस आम बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात, को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 24.06.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 326803 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)

### माधवी मिश्रा ने की पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक

# नियमों की अनदेखी-उपेक्षा करने वालों पर होगी कार्रवाई: उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसमें अल्ट्रासाउंड केंद्रों के नए रजिस्ट्रेशन के लिए प्राप्त आवेदनों, रिन्यूवल के लिए प्राप्त आवेदनों के अलावा अपग्रडे के लिए प्राप्त आवेदनों समेत गैर पंजीकृत केंद्रों पर रोक लगाने, एनजीओ द्वारा प्रचार-प्रसार, सरकारी संस्थानों में अल्ट्रासाउंड केंद्र स्थापित करने पर समीक्षा की गई। डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि समय-समय पर सभी केंद्रों का औचक निरीक्षण करें। जांच के दौरान यह अवश्य




समाहरणालय में जिला सलाहकार समिति की बैठक में डीसी माधवी मिश्रा व अन्य।

देखे की सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में फायर सेफ्टी सुनिश्चित हो। सभी भवनों का नगर निगम से नक्शा पास हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर उचित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर एसओपी का पालन सुनिश्चित करने पर ही उन्हें रजिस्ट्रेशन एवं रिन्यूवल के लिए आगे बढ़ाए। डीसी ने कहा कि जिस यूजीसी सेंटर-अस्पताल के रजिस्ट्रेशन एवं रिन्यूअल के लिए अप्लाई करेंगे उनका क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट में रेजिस्ट्रेशन एवं फायर सेफ्टी का एनओसी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी सेंटर पे रेडियोलाजिस्ट/सोनोलॉजिस्ट अपने-अपने सेंटर पर अपना समय और किस दिन सेवा दे रहे उसे लिख कर प्रदर्शित करेंगे। जो भी सेंटर में इंस्पेक्शन में यह नहीं पाया जाएगा उनके उपर पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र ठाकुर, डॉक्टर विकास कुमार राणा, आरके श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# बेरमो में फिर स्वर्ण व्यवसायी से मांगी गयी 20 लाख की रंगदारी

### पुलिस ने बढ़ायी चौकसी, शहर के चारों तरफ लगाया बैरियर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो थाना अंतर्गत फुसरो बाजार के एक और स्वर्ण व्यवसाई को धमकी देते हुए 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। धमकी देने वाले ने स्वर्ण व्यवसाई को 447449692826 नंबर से मेजर के नाम से ऑडियो मैसेज भेज कर 20 लाख रुपये की रंगदारी देने की धमकी दी है। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की चेतावनी दी है। इस मामले की सूचना बोकारो डीआइजी, एसपी व बेरमो थाना प्रभारी को भी दी गयी है। हालांकि पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। लेकिन आम जनता को सुरक्षा प्रदान करने के लिए शहर के चारों तरफ बैरियर लगाकर घेराबंदी कर दी गई है। जिसके



तहत फुसरो-जैनमोड़ मुख्य मार्ग के हिंदुस्तान पुल, फुसरो- कथारा मुख्य मार्ग के करगली गेट, फुसरो-डुमरी मुख्य मार्ग फुसरो ओवर ब्रिज के समीप व फुसरो चंद्रपुरा मुख्य मार्ग के फुसरो स्टेशन के पास चेकनाका लगाकर फुसरो बाजार की बैरिकेडिंग कर शहर को चारों ओर से घेराबंदी कर दी गई है। चेकनाका के समीप एक अफसर सहित दो सुरक्षा जवान तैनात किये गए हैं। गौरतलब हो कि विगत 12 जून को ज्ञान ज्वेलरी नामक आभूषण दुकान में हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने धनबाद और फुसरो से कई लोगों को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। हालांकि उन्हें बाद में छोड़ दिया गया है। बेरमो डीएसपी बशिष्ट नारायण सिंह लगातार बेरमो थाना में खुद से तहकीकात में लगे हुए है। गोलीकांड के बाद से बेरमो थाना पुलिस सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से चौकस हो गई है। फुसरो शहर में दो टाइगर फोर्स तैनात किया गया है। जो पूरे फुसरो बाजार में घूम-घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। फुसरो बाजार में प्रशासन की ओर से सक्रियता भी बढ़ी हुई है। लेकिन अभी तक गोलीकांड का उद्भेदन नहीं होने से व्यवसायियों में आक्रोश है।

### गोलीकांड घटना के बाद से बंद है दुकान

12 जून को ज्ञान ज्वेलर्स आभूषण प्रतिष्ठान पर अपराधियों द्वारा गोली चलाने की घटना के बाद से लेकर अब तक दुकान मालिक ज्ञानेश्वर प्रसाद सोनी ने दुकान को बंद रखा है।

# जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की शिकायतें-समस्याएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा की अगुवाई में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएं सुनी गयी और शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कराते हुए उचित समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। जनता दरबार में मुख्यतः जमीन, पारिवारिक, ऑनलाइन रसीद,



स्वास्थ्य, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मुआवजा, नौकरी के नाम पर ठगी, बिजली, पानी, सड़क, आंगनबाड़ी सहायिका का उम्र सीमा में छूट देने से संबंधित, बिल्डर द्वारा धोखाधड़ी समेत अन्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। डीसी ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

# अत्यधिक गर्मी के मद्देनजर पहला कदम में दिव्यांग बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में मंगलवार को सीएचसी सदर से डॉ अलका सिंह ने उपस्थित बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। सभी बच्चो को गर्मी में धूप से बचने की सलाह देते हुए पानी के ज्यादा सेवन की सलाह दी ताकि डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। अधिक गर्मी में बच्चों को मौसमी फल का उपयोग करने के लिए कहा गया, ताकि शरीर को सभी पोषक तत्व प्राप्त हो सके। सचिव अनीता अग्रवाल ने बताया कि पहला कदम में दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जांच हर महीने की जाती है जिससे ये बच्चे स्वस्थ रह सके।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/04/2024-25**
**Head :- AMRUT 2.0**

**1.Detail of work**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rejuvenation of Lamki Pokhar in Ward No. 23 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 90,60,000/- | 2,00,000/- | 11,800/- | 365 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | 20.06.2024 at 11:00 A.M. | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | 13.07.2024 up to 5:00 P.M. | | | |
| 4. | Bid Opening date | 15.07.2024 at 11:00 A.M. | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (**e-Tender**)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR.NO.326792 Urban Development and Housing(24-25):D


# अमरेश सिंह ने खारिकाबाद प्रामाणिक बस्ती में मनाया सांसद ढुल्लू महतो की जीत का जश्न



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भूली मंडल अंतर्गत खरिकाबाद प्रामाणिक बस्ती में भाजपा के नव निर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो की जीत के खुशी में 100 किलो लड्डू वितरण किया गया। वहीं, बस्ती में पहुंचे भाजपा युवा नेता अमरेश सिंह का वहां के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान बस्ती के प्रबुद्ध लोगों अपनी समस्या को अमरेश सिंह से अवगत कराया। वहीं, अमरेश सिंह ने भी सांसद ढुल्लू महतो से बात कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने का आशअवासन दिया। उन्होंने स्थानीय नेता मनोज प्रामाणिक, विधान प्रामाणिक, अरुण चंद प्रामाणिक, सपन चंद प्रमाणिक, अरविंद ठाकुर, शिवा चौहान, उपेंद्र चौहान को चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट दिलाने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा आईटी सेल संयोजक जितेंद्र कुमार ने कहा ति एक ओबीसी वर्ग से गरीब का बेटा धनबाद का सांसद बना है। हम सभी को मिलकर ढुल्लू महतो को मदद करनी चाहिए। इनके कार्यकाल में धनबाद का समुचित विकास होगा। इस मौके पर स्थानीय कार्यकर्ता मनोज प्रमाणिक, बजरंगी रवानी, कमल किशोर, प्रयाग राज रविदास, छोटू राम, पंकज सिंह, जितेंद्र कुमार, मानस रंजन पाल व अशोक गुप्ता आदि थे।

# भजन संध्या में शामिल हुए बेरमो विधायक की क्षेत्रवासियों के विकास की कामना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जैनामोड़/बेरमो।** जैनामोड़ के रामगढ़ रोड स्थित श्रीश्री संकटमोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वार्षिकोत्सव पर बजरंगबली सेवा समिति की ओर से आयोजित भजन संध्या में सोमवार की रात बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह भी शामिल हुए। कमेटी के पदाधिकारियों ने विधायक को अंगवस्त्र, माला व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इसके अलावा भोजपुरी समाज के लाखन सिंह, भजन गायिका पम्मी शांडिल्य और थाना प्रभारी को भी अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसकी अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल ने की। विधायक ने इस तकरह के आयोजन के लिए मंदिर कमेटी की प्रशंसा की। भजन संध्या बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रसिद्ध भजन गायिका पम्मी शांडिल्य की भजन सुनकर श्रोता झुम उठे। वहीं, विधायक ने भगवान हनुमान जी से बेरमो वासियों के विकास व सुख-शांति का आशीर्वाद मांगा। कहा कि वीर हनुमान सभी भक्तजनों पर अपनी विशेष कृपा बनाये रखें।


पत्रांक–172 दिनांक 14.06.2024
कार्यालय, प्राचार्या, इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग।

**नामांकन संबंधी आवश्यक सूचना।**

इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के लिए सत्र 2023–24 में जिन बालिकाओं का छठे वर्ग में नामांकन हेतु चयन हुआ है उनका प्रवेश परीक्षा क्रमांक निम्नांकित है–

| नामांकन की तिथि | प्रवेश परीक्षा क्रमांक |
|---|---|
| 12.07.2024 (शुक्रवार) | 2453802, 2453804, 2312930, 2453786, 2453791, 2453807, 2453790, 2211835, 2453801, 2453787, 2453711, 2312954, 2413418, 2211829, 2211828, 2453792, 2211830, 2453796, 2313001, 2211827, 2453797, 2453799, 2453803, 2211834, 2242549, 2413422, 2131206, 2534325, 2211832, 2242516, 2453712, 2453794, 2453800, 2242520, 2272780, 2242594, 2131250, 2312931, 2333308, 2242537, 2222011, 2131263, 2242511, 2413423, 2453714, 2232388, 2313002, 2221990, 2222058, 2333184, 2131200, 2232308, 2313003, 2131205, 2232362, 2413426, 2463878, 2333163, 2333154, 2232355, 2131221, 2312971, 2513966, 2333153, 2232296, 2131257, 2232385, 2333189, 2333217, 2131296, 2131223, 2232375, 2333178, 2242620, 2232307, 2131246, 2312918, 2232309, 2312927, 2232377, 2312956, 2131207, 2211836, 2211846, 2413419 (कुल–85 छात्राएँ) |

नामांकन की तिथि **12.07.2024** **(शुक्रवार)** एवं **13.07.2024** **(शनिवार)** निर्धारित की गयी है। अभिभावक अपनी पुत्री को नामांकन की तिथि को पूर्वाहन् 9.00 बजे प्रमाण पत्रों, कागजातों एवं ई–चालान को लेकर विद्यालय में उपस्थित होने का कष्ट करें।

1. छात्रा का प्रवेश पत्र (झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा प्रदत्त)।
2. शारीरिक जाँच प्रपत्र।
3- जन्म प्रमाण पत्र– जन्म पंजीयन अधिनियम 1969 के तहत निर्गत जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा छायाप्रति की अभिप्रमाणित प्रति जमा करें।
4. विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र– जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित मुहर सहित विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र की मूल प्रति जिसमें छात्रा की जन्म तिथि अवश्य अंकित होनी चाहिए।
5. आवासीय प्रमाण पत्र की (अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत) मूल प्रति।
6. जाति प्रमाण पत्र (अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत) की मूल प्रति तथा छायाप्रति।
(नोट– यदि आप पिछड़ा वर्ग या अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के हैं, तो BC-I, BC II, MBC मूल जाति प्रमाण पत्र में अवश्य अंकित होना चाहिए)।
7. आय प्रमाण पत्र–
a. यदि नौकरी/व्यवसाय से आय है, तो अवर प्रमण्डल शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से समस्त स्त्रोतों से मासिक आय से संबंधित आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
b. यदि कृषि से आय है, तो अंचलाधिकारी एवं अवर प्रमण्डल शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से समस्त स्त्रोतों से मासिक आय से संबंधित आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
8. आधार कार्ड की अभिप्रमाणित छायाप्रति (दो प्रतियों में)।
9. खाता संख्या,बैंक का नाम, ब्रांच, IFSC Code सहित की छायाप्रति।
10. चिकित्सक द्वारा प्रदत्त छात्रा के ब्लड ग्रुप तथा हीमोग्लोबीन से संबंधित मूल प्रमाण पत्र।
11. छात्रा का पासपोर्ट साइज का फोटो–दो (राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित किया हुआ)।
12. माता एवं पिता किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अपना फोटो एवं अपना हस्ताक्षर अभिप्रमाणित कराकर मुहर सहित अपने साथ अवश्य लायें तथा माता पिता के अतिरिक्त अधिकत्तम दो व्यक्तियों का जिनसे छात्रा को आप मिलने एवं ग्रीष्मावकाश तथा शीतावकाश में घर जाने की अनुमति देना चाहते हैं, उनका फोटो, हस्ताक्षर एवं पूरा पता अभ्यावेदन में अंकित कर नामांकन के समय अनिवार्य रूप से जमा करें।
13. 2400.00 रू० (दो हजार चार सौ रू०) मात्र के e-challan बैंक में जमा की गयी पावती रसीद की दो प्रति।
**नोटः– राशि E-GRAS में जाकर निम्न हेड में जमा करना है –**
58-SCHOOL EDUCATION AND LITERACY DEPARTMENT ( SECONDARY EDUCATION DIVISION)
MAJOR CODE- 0202 शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति
सामान्य– 02020160001000101
Office Name- HZBEDN137 PRINCIPAL IGBV HZB
RECEIPTS TYPE:- 0101-RECEIPT
14. नामांकन के समय 200.00 रू० (दो सौ रू०) नगद अवधान शुल्क लगेगा तथा नगद पाकेट मनी न्यूनतम 500.00 रू० तथा अधिकतम 1000.00 रू० मात्र जमा करना होगा।
**(नोट**–छात्राओं के लिए अध्ययन सामग्री, दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली वस्तुयें,दवा,चश्मा,फार्म भरने हेतु)।
15. विद्यालय कार्यालय द्वारा आपको नामांकन संबंधी आवेदन प्रपत्र (फॉर्म) विद्यालय नियमावली, अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा अन्य आवेदन प्रपत्र भेजा जायेगा। जिसे भर कर तथा हस्ताक्षरित करने के उपरान्त आप पुत्री का नामांकन करा लेंगे।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्या,
इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय,
हजारीबाग।

PR 326708 (School Education and Literacy) 24-25 (D)


## सांसद की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर, हर्ष

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पहल पर नावाडीह प्रखण्ड अंतर्गत दहियारी पंचायत के ग्राम पुरानी दहियारी में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार महतो, जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद एवं मुखिया धानेश्वरी देवी, पंसस सरोजा देवी, उप मुखिया पूजा नायक ने संयुक्त रूप से ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। विदित हो कि ट्रांसफार्मर विगत 15 दिनों से खराब रहने के कारण गांव में जलापूर्ति बाधित था। जिससे इस भीषण गर्मी में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा था। पंचायत जनप्रतिनिधि द्वारा गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को ट्रांसफार्मर खराब होने को लेकर अवगत कराया गया। सांसद ने समस्या को गंभीरता लेते हुए बिजली विभाग एवं जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों से बात कर ट्रांसफार्मर दिलवा दिया। नया ट्रांसफार्मर लग जाने से पुनः जलापूर्ति प्रारंभ हो गया। जिससे ग्रामीणों में हर्ष है।

# बोकारो थर्मल प्लांट में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, झुलसे दो मजदूरों की हालत गंभीर

### बिजली का करंट दौड़ रहे तारों को काटने के दौरान हुआ हादसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो थर्मल/बेरमो।** डीवीसी बोकारो थर्मल प्लांट के अंदर बिजली केबल तार काटने के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से दो ठेका मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। उनकी पहचान नकुल कुमार राम (26) और रवि कुमार (25) के रूप में हुई है। घायल नकुल मुर्गी फार्म कॉलोनी का रहने वाला हैं। जबकि रवि कुमार सुभाष नगर कॉलोनी का निवासी है। घटना मंगलवार की सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। नकुल राम के पैर, चेहरा व दोनों हाथो का आंशिक हिस्सा जल गया। जबकि रवि कुमार का दाहिना हाथ, कंधा और चेहरे का कुछ हिस्सा झुलस गया है। घायल दोनों मजदूर प्लांट के भीतर राधा टीएमटी कंपनी के अधीन पुराने बी प्लांट में स्क्रैप कटिंग का काम कर रहे थे। प्लांट कटिंग के दौरान जिस बिजली केबल तार को ये मजदूर काट रहे थे उसमें करेंट था। जिसे



बगैर जांच पड़ताल के ये मजदूर संबंधित अधिकारियों व ठिकेदार के कहने पर काटने लगे। केबल में करंट होने के कारण उसमें शॉर्ट सर्किट होकर आग लग गई। घायल मजदूरों को तत्काल बोकारो थर्मल अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। यहां चिकित्सा प्रभारी डॉ एसके झा की निगरानी में प्राथमिक इलाज किया गया और स्थिति गंभीर होता देख घायल दोनों मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए बीजीएच बोकारो अस्पताल रेफर कर दिया। चार महीने पहले भी इस तरह की घटना घट चुकी है। कुछ दिन पहले मजदूरों ने ऐसी घटित घटनाओं पर विरोध प्रदर्शन किया था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद भारी संख्या में मजदूर अस्पताल पहुंच गए और संबंधित ठिकेदार पर घायल मजदूरों का समुचित इलाज करवाने का दबाव बनाया। इस सबंध में डीवीसी बोकारो थर्मल के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद ने कहा कि इस घटना की जांच चल रही दोषी लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। राधा टीएमटी कंपनी द्वारा बिना सेप्टी के मनमानी तरीके से काम कराने की शिकायत मिली है। कंपनी पर भी डीवीसी प्रबंधन एक्शन लेगी। डीवीसी में मजदूरों की सुरक्षा सर्वोपरि है। विस्थापित नेता बालेश्वर यादव ने कहा कि राधा टीएमटी बिना सेप्टी के महीनों से काम करवा रही है। मजदूरों द्वारा विरोध करने पर उसे हटा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि डीवीसी द्वारा प्लांट कटिंग का काम के देखरेख के लिए लगाए गए अधिकारी भी समुचित रूप ध्यान नहीं देते है। इस संबंध में झामुमो के श्यामसुंदर महतो ने कहा कि ठिकेदार एवं डीवीसी अधिकारियों की लापरवाही के कारण प्लांट में आगलगी की यह घटना घटी है। चालू लाइन वाला केबल को कटने का आदेश गरीब ठेका मजदूरों को दे दिया गया। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, मुखिया बबलू सिंह का कहना था कि प्लांट में शॉर्ट सर्किट के कारण अगलागी की घटना घटी है। घायलों का समुचित इलाज हो जिसके लिए समंधित ठिकेदार पर दबाव बनाया गया है। वही आगलगी की घटना के बाद बोकारो थर्मल के कई कोलिनियो में विद्युतापूर्ति बंद कर दिया गया है। जिससे कोलिनी वासी परेशान है।

# विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मंगलवार को विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ। पहले मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने विधायक पद की शपथ ली। उनके दो उप मुख्यमंत्रि केवी सिंहदेव और प्रभाती परिडा ने भी शपथ ली है। पद एवं गोपनीयता की शपथ कार्यवाहक वाचस्पति रणेंद्र प्रताप स्वाई ने दिलायी। मोहन माझी के शपथ लेने के बाद नवनिर्वाचित विधायक ने शपथ ली। बीजू जनता दल के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने हिंजिली विधायक के रूप में शपथ ली है। शपथ ग्रहण शाम 5 बजे तक चला। बुधवार को भी विधायक शपथ लेंगे और 20 तारीख को स्पीकर का चुनाव होगा। तीन दिवसीय सत्र के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।

# सांप्रदायिक झड़प के बाद बालेश्वर में लगाया गया कर्फ्यू, इंटरनेट सेवा बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सोमवार देर रात दो समुदाय के बीच झड़प के बाद बालेश्वर शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। यह 17 तारीख को रात 12 बजे से 18 तारीख को रात 12 बजे तक लागू रहेगा। जिला प्रशासन ने शहर के लोगों को स्थिति शांत होने तक इस दौरान अपने घरों से नहीं निकलने की सलाह दी है। सूचना मुताबिक सोमवार दोपहर को बालेश्वर शहर के भुजाखिया पीर के पास हुई सांप्रदायिक झड़प के बाद देर रात फिर से हिंसा एवं आगजानी की घटनाएं देखने को मिलीं इस दौरान उपद्रवियों ने जम कर उत्पात मचाया तथा तोड़फोड़ की। हालात से निपटने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। स्थिति को सामान्य बनाये रखने के लिए बालेश्वर जिला प्रशासन ने पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया है।



सूचना मिली है कि इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गयी हैं। शहर को जोड़ने वाली दोनों ओर की सड़कों पर भी कर्फ्यू लागू रहेगा तथा यह 17 जून रात 12 से 18 जून रात 12 तक कर्फ्यू प्रभावी रहेगा। सदर थाना, टाउन थाना सहदेव खूंटा, शिल्पांचल थाना अंतर्गत शहरी क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इस बीच सोमवार रात करीब दो बजे बालेश्वर टाउन पुलिस स्टेशन में एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गयी। बालेश्वर के सांसद प्रताप षड़ंगी, सदर विधायक मानस दत्त, बालेश्वर के जिलापाल आशीष ठाकरे और बालेश्वर के एसपी सागरिका नाथ ने स्थिति की समीक्षा की। शहर के भुजाखिया पीर के पास किसी कारण से दो गुटों में झड़प हो गयी। बाद में दोनों गुट भिड़ गये और पुलिस पर पथराव का आरोप लगा। बाद में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस झड़प में 4 से 5 लोग घायल हो गये और 15 से 20 गाड़ीयों में तोड़फोड़ की गयी। बालेश्वर के एसपी सागरिका नाथ ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि बालेश्वर में हिंसा को नियंत्रित करने के लिए 44 प्लाटून पुलिस फोर्स तैनात किया गया है, जबकि इस मामले में 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# नाले में गिरने से लड़के की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओपन ड्रेन में गिरे नाबालिग को कैपिटल हॉस्पिटल में मृत घोषित कर दिया गया। काफी कोशिशों के बाद बच्चे को बचाया गया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। लड़के का नाम अबू बकर शाह है। उधर भुवनेश्वर के मेयर सुलोचना दास ने बताया कि सरकार की ओर से चार लाख रुपये मुआवजा नाबालिग परिवार को दिया जायेगा।

## मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जताया दुख 4 लाख रुपये की सहायता की घोषणा की



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के यूनिट-3 क्षेत्र के मस्जिद कॉलोनी में मुकुला नाले में गिरने से अबू बकर शाह नामक एक लड़के की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृत लड़के के परिजनों को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की, जिसका भुगतान राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से किया जायेगा।






























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**